**खास बात**

परिवर्तन ही प्रकृति का नियम है । सत्य बातें हमेशा ही कठोर होती है।

- कुशवाहा कान्त

।। श्री हरि शरणम् ।।

रायसेन से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# अमृत दर्शन

RNI No. MPHIN/2012/43555

वर्ष - 12 अंक - 315

रायसेन

मंगलवार, 13 मई 2025

● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपया

Website : www.amritdarshan.com

रायसेन, नर्मदापुरम एवं भोपाल से प्रकाशित


## संक्षिप्त समाचार



### मुख्यमंत्री ने संत कंवरराम जी की प्रतिमा का किया अनावरण

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि संतो का जीवन और आदर्श हमेशा अनुकरणीय होते हैं। सूर्य स्वयं जलकर हम सबको प्रकाश देता है, उसी तरह संत भी स्वयं तप कर हम सबके जीवन को ज्ञान और आनंद से प्रकाशित करते हैं। संत कंवरराम जी भी ऐसे ही एक महान संत थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को उज्जैन की सिंधी कॉलोनी, अलखधाम नगर के सार्वजनिक उद्यान में संत कंवरराम जी की प्रतिमा के अनावरण समारोह में यह बात कही। उन्होंने समर्थ सेवा संस्थान के द्वारा आयोजित दिव्यांगजनों को नि :शुल्क हवाई यात्रा करवाने पर बने गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड के प्रमाण-पत्र का वितरण भी किया।

### गंगोत्री-यमुनोत्री दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह



**देहरादून।** रविवार को गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में बारिश के बावजूद भी श्रद्धालुओं में गंगा और यमुना के दर्शन को लेकर उत्साह देखने को मिला। यात्री बारिश के बावजूद भी लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। वहीं 11 मई तक प्रशासन के आंकड़ों के अनुसार दो लाख से अधिक श्रद्धालु गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के दर्शन कर चुके हैं। रविवार को जनपद मुख्यालय और निचले इलाकों में दोपहर बाद बारिश हुई। लेकिन गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में सुबह से ही बारिश जारी रही। गंगा पुरोहित सभा के सचिव माधव सेमवाल और राजेश सेमवाल ने बताया कि बारिश के कारण गंगोत्री धाम में तामपान में गिरावट आने के कारण ठंड बढ़ गई थी।

## अंतर्मना उवाच



प्रकृति के समक्ष एवं कुमाऊँ हिमालय समक्ष पर्वत श्रृंखलाओं के मध्य गंगा की प्रमुख सहायक नदियों में से एक अलकनंदा नदी के तट पर रूद्र प्रयाग उत्तराखंड में प्रतिदिन की भांति खुले आसमान के नीचे भरी दोपहरी में सामायिक करते तपोशिरोमणि अंतर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्नसागर जी महाराज

*अपनी **आदतों** के अनुसार चलने में, इतनी **गलतियाँ** नहीं होती, जितनी **दुनिया** का **ख्याल** और **लिहाज** रखकर चलने में होती है..! इसलिए **स्वयं को सुधारने का मार्ग है सन्यास।***

*दीक्षा या सन्यास सिर्फ वेश परिवर्तन का नाम नहीं है। बल्कि यह तो भाव परिवर्तन का पुरूषार्थ, आत्म ज्योति के दीप के दीपित होने का पावन पुनीत अवसर, पशुता के भावों के क्षपण का उपक्रम, परिणामों का परिवर्तन और दीक्षित परिणामों का सदैव सुमिरन का सर्वोत्तम प्रसंग है। **दीक्षार्थी या सन्यासी हर पल आत्मालोचना का अन्त:करण से उद्भूत अभ्यास,** यह चिंतन करता है कि यदि किंचित भी विकृति हो जाये मन में, तो उसी क्षण ही हो जाये, विकृत भाव का परिमार्जन, संशोधन के साथ पुरूषार्थ की कलिकाल की यह साधना मुक्ति प्रदायक होगी, भव भव का यह पुरूषार्थ कभी व्यर्थ नहीं जायेगा। जन्म-मृत्यु के चक्रजाल से मुक्त होगी और विहार करेगी स्वतंत्रता के उन्मुक्त गगन में।*

***दीक्षार्थी साधक की सम्यक्त्व को समर्पित सच्ची भावना का उपादान और दीक्षा प्रदायक गुरु का अनुग्रह दोनों का जब युग्म होता है, तब दीक्षा सम्पन्न होती है।** शिष्य की सुषुप्त शक्ति को जगाने का निमित्त सृजित होता है। दीक्षा के समय दीक्षार्थी को उतना पता नहीं चलता कि इस रूपांतरण से क्या मिला है..? परंतु जब दीक्षार्थी रत्नत्रय की साधना में रमता है, वीतराग की भक्ति के भजन से, मन आँगन को सींचता है, अपने सच्चे श्रद्धान को आत्म-स्वरूप के चिन्तन-मनन में समर्पित करता है,, तब दीक्षा पनपती है, समृद्ध होती है और प्रस्थान करती है देह से विदेह की साधना पथ पर। **सिर मुण्डन, कैशलोंच के साथ, मन का मुण्डन भी होता है। इन्द्रियों को वश में किया जाता है एवं वस्त्र त्याग के साथ साथ, विकारों को पूर्ण रूपेण हटाया जाता है...!!!***

■ अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज

---

प्रधानमंत्री मोदी की दुनिया को दो टूक : 'अगर पाकिस्तान से बात होगी तो सिर्फ आतंकवाद और पीओके पर ही होगी'

# पानी और खून एक साथ नहीं बहेगा: पाक के खिलाफ कार्रवाई सिर्फ स्थगित, फिर हिमाकत की तो मुंहतोड़ जवाब देंगे : मोदी

## 'न्यूक्लियर ब्लैकमेल भारत नहीं सहेगा, आतंक पर वार करते रहेंगे'



ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ नाम नहीं है। यह देश के कोटि-कोटि लोगों की भावनाओं का प्रतिबिंब है। ऑपरेशन सिंदूर न्याय की अखंड प्रतिज्ञा है। 6 मई की देर रात, 7 मई की सुबह पूरी दुनिया ने इस प्रतिज्ञा को परिणाम में बदलते देखा है।

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

**दुनिया ने देखा पाक का घिनौना कृत्य**

ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को देश को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान पर जमकर हमले किए। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवादी संगठन जान चुके हैं कि हमारी बहन-बेटियों का सिंदूर उजाड़ने पर क्या होता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, मैं आज विश्व समुदाय को भी कहूंगा कि हमारी घोषित नीति रही है कि अगर पाकिस्तान से बात होगी तो आतंकवाद पर ही बात होगी। अगर पाकिस्तान से बात होगी तो पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पीओके पर ही होगी। प्रिय देशवासियो! आज बुद्ध पूर्णिमा है। भगवान बुद्ध ने हमें शांति का रास्ता दिखाया। शांति का मार्ग भी शक्ति से होकर जाता है। मानवता शांति और समृद्धि की ओर बढ़े, हर भारतीय शांति से जी सकते, विकसित भारत के सपने को पूरा सके, इसके लिए भारत का शक्तिशाली होना बहुत जरूरी है और आवश्यकता पड़ने पर इस शक्ति का इस्तेमाल भी जरूरी है और पिछले कुछ दिनों में भारत ने यही किया है।


मैं एक बार फिर भारत की सेना और सशस्त्र बलों को सैल्यूट करता हूं। हम भारतवासियों के हौसले, हर भारतवासी का एकजुटता का सफर और संकल्प को नमन करता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद। भारत माता की जय।

**आतंकवाद के खिलाफ हमारी एकता हमारी सबसे बड़ी ताकत होगी**-प्रधानमंत्री ने कहा, साथियो! हर प्रकार के आतंकवाद के खिलाफ हम सभी का एकजुट रहना, हमारी एकता हमारी सबसे शक्ति होगी। निश्चित तौर पर यह युग युद्ध का नहीं है, लेकिन यह युग आतंकवाद का भी नहीं है। आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस बेहतर दुनिया की गारंटी है। पाकिस्तानी फौज, पाकिस्तान की सरकार जिस तरह आतंकवाद को खाद-पानी दे रहे हैं, वो एक दिन पाकिस्तान को ही समाप्त कर देगा। पाकिस्तान को अगर बचना है तो उसे अपने टेरर इन्फ्रास्ट्रक्चर का सफाया करना ही होगा। इसके अलावा शांति का कोई रास्ता नहीं है। भारत का मत एकदम स्पष्ट है- टेरर और टॉक, एकसाथ नहीं हो सकते। टेरर और ट्रेड एकसाथ नहीं चल सकते। ...और पानी और खून भी एकसाथ नहीं बह सकता।

**आतंकवादियों को विदाई देने उमड़ बड़े पाकिस्तानी अफसर**-प्रधानमंत्री ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने पाकिस्तान का वह घिनौना सच देखा है, जब मारे गए आतंकियों को विदाई देने पाकिस्तानी सेना के बड़े-बड़े अफसर उमड़ पड़े। स्टेट स्पॉन्सर्ड टेररिज्म का यह बहुत बड़ा सबूत है। हम भारत और अपने नागरिकों को किसी भी खतरे से बचाने के लिए लगातार निर्णायक कदम उठाते रहेंगे।

साथियो! युद्ध के मैदान पर हमने हर बार पाकिस्तान को धूल चटाई है और इस बार ऑपरेशन सिंदूर ने नया आयाम जोड़ा है। हमने रेगिस्तान और पहाड़ों में अपनी क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया है। साथ ही न्यू एज वारफेयर में भी अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। इस ऑपरेशन के दौरान हमारे मेड इन इंडिया हथियारों की प्रामाणिक सिद्ध हुई।

### हमने भारत-पाक से कहा था कि संघर्ष नहीं रोका तो व्यापार नहीं करेंगे



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर श्रेय लेने की दौड़ में कूद पड़े हैं। उन्होंने कहा, हमने भारत-पाक से कहा था कि संघर्ष नहीं रोका तो व्यापार नहीं करेंगे। ट्रंप ने कहा, शनिवार को, मेरे प्रशासन ने भारत और पाकिस्तान के बीच तत्काल संघर्ष विराम कराने में मदद की, मुझे लगता है कि यह स्थायी युद्धविराम होगा... दोनों देशों के पास बहुत सारे परमाणु हथियार हैं। उन्होंने कहा, मैं यह बताते हुए गर्व महसूस कर रहा हूं कि भारत और पाकिस्तान दोनों देशों के नेताओं का रुख हालात की गंभीरता को समझने में अडिग और प्रभावशाली रहा। ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिका ने शांति बहाली में बड़ी भूमिका निभाई और साथ ही व्यापार को एक हथियार की तरह उपयोग किया। उन्होंने कहा, हमने बहुत मदद की और व्यापार के जरिए भी मदद की।

### हमने तीन दिन में पाकिस्तान को किया तबाह




अपने तरीकों और शर्तों पर जवाब देते रहेंगे- प्रधानमंत्री मोदी

साथियो! भारत की तीनों सेनाएं, वायुसेना, थलसेना और नौसेना, हमारे सीमा सुरक्षा बल, भारत के अर्द्धसैनिक बल लगातार अलर्ट पर हैं। सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के बाद अब ऑपरेशन सिंदूर आतंक के खिलाफ भारत की नीति है। ऑपरेशन सिंदूर ने आतंक के खिलाफ लड़ाई में एक नई लकीर खींच दी है। एक नया पैमाना। न्यू नॉर्मल तय कर दिया है।

### नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम समेत कई मुद्दों पर हुई चर्चा



भारत और पाकिस्तान के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन्स (डीजीएमओ) के बीच सोमवार को हॉटलाइन पर बात हुई। सेना ने सोमवार शाम हुई इस बातचीत की पुष्टि की है। दोनों ओर से गोलीबारी और हवाई हमले बंद होने के बाद हुई यह बातचीत काफी अहम मानी जा रही है। 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारत की सफल जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान के हौसले पस्त हो गए थे। इस लड़ाई में बुरी तरह पिछड़ने के बाद पाकिस्तान ने भारत के समक्ष 10 मई को संघर्ष विराम का प्रस्ताव रखा था, जिसे भारत ने अपनी शर्तों पर स्वीकार कर लिया। इसी विषय पर भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण चर्चा की। इसमें नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम को लेकर चर्चा की गई।

### देश के नाम मोदी का पैगाम

हमने आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने के लिए भारत की सेनाओं को पूरी छूट दे दी। आज हर आतंकी और आतंक का हर संगठन जान चुका है कि हमारे देश की बहन-बेटियों के माथे से सिंदूर हटाने का अंजाम क्या होता है।

दुनिया ने देखा कि कैसे पाकिस्तान के ड्रोन्स, पाकिस्तान की मिसाइलें भारत के सामने तिनके की तरह बिखर गईं। भारत के सशक्त एयर डिफेंस सिस्टम ने उन्हें आसमान में ही नष्ट कर दिया। पाकिस्तान की तैयारी सीमा पर वार की थी, लेकिन भारत ने पाकिस्तान के सीने पर वार कर दिया।

आतंकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा है, इसलिए भारत ने आतंक के ये मुख्यालय उजाड़ दिए हैं। भारत के इन हमलों ने 100 से अधिक खूंखार आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा गया है।


दुनिया ने देखा कि कैसे पाकिस्तान के ड्रोन्स, पाकिस्तान की मिसाइलें भारत के सामने तिनके की तरह बिखर गईं। भारत के सशक्त एयर डिफेंस सिस्टम ने उन्हें आसमान में ही नष्ट कर दिया। पाकिस्तान की तैयारी सीमा पर वार की थी, लेकिन भारत ने पाकिस्तान के सीने पर वार कर दिया।


भारत पर आतंकी हमला हुआ तो मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। हम अपने तरीके से, अपनी शर्तों पर जवाब देकर रहेंगे। कोई भी न्यूक्लियर ब्लैकमेल भारत नहीं सहेगा। हम आतंक की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखेंगे।

---

## 39 बांग्लादेशी गैरकानूनी ढंग से बॉर्डर क्रॉस कर हरियाणा में घुसे, गिरफ्तार

**हांसी ■ एजेंसी**




भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बीच हरियाणा में पुलिस ने 39 बांग्लादेशी नागरिक पकड़े हैं। ये सभी गैरकानूनी तरीके से हिसार के हांसी में रह रहे थे। पकड़े गए लोगों में 14 पुरुष, 11 महिलाएं और 14 बच्चे शामिल हैं।

पुलिस के मुताबिक ये तोशाम रोड पर ईंट भट्टे पर मजदूरी का काम कर रहे थे। जांच में इनके पास से किसी तरह के डॉक्यूमेंट नहीं मिले हैं। पूछताछ में इन लोगों ने बताया कि यह बॉर्डर क्रॉस करके बांग्लादेश से आए थे। हालांकि इन्होंने यह नहीं बताया कि किसने इन्हें बॉर्डर क्रॉस कराया। इसे लेकर सुरक्षा एजेंसियां जांच कर रही हैं। पुलिस का कहना है कि इन्हें वापस बांग्लादेश डिपोर्ट किया जाएगा। तब तक इन्हें दिल्ली स्थित बांग्लादेशी कैंप में डाला जाएगा। उधर, सीजफायर के बाद हालात सामान्य होने के बाद सिरसा से आज जम्मू, कटरा, अमृतसर जाने वाली हरियाणा रोडवेज की बस सेवा शुरू हो गई है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद सुरक्षा के मद्देनजर बस सेवा बंद की गई थी

## सिंहस्थ-2028 के कार्यों की मॉनिटरिंग में करें आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की उज्जैन में सिंहस्थ के कार्यों की समीक्षा

## साधु, संत और श्रद्धालुओं की आस्था को सर्वोपरि रख करें सिंहस्थ के सभी कार्य

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 2028 की तैयारी में साधु-संत और श्रद्धालुओं की भावनाओं को सर्वोपरि रखकर कार्य योजना को पूर्ण किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सिंहस्थ - 2028 के प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करते हुए उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल भवन कलेक्टर कार्यालय सभागृह में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्य योजना की जानकारी लेकर कहा कि सभी कार्य समय-सीमा में गुणवत्ता और मापदंडों के अनुसार हो। सभी कार्यों में निर्माण एजेंसियां समन्वय बनाकर कार्य करें, जिससे श्रद्धालुओं को सिंहस्थ-2028 का अनुभव आस्थामय, भव्य और अलौकिक हो। सिंहस्थ निर्माण कार्यों में शहर के आसपास सड़कों का जाल बिछाकर यातायात सुगम किया जा रहा है। श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए संपूर्ण मेला क्षेत्र की कनेक्टिविटी 4 लेन और 6 लेन मार्गों से की जा रही है। सिंहस्थ-2028 के लिए किए जा रहे आवश्यक मार्ग चौड़ीकरण के कार्यों में सभी गणमान्य नागरिकों का भी विशेष ध्यान रखते हुए कार्य करें। आवश्यक मार्गों पर एलिवेटेड ब्रिज बनाए जाएंगे जिससे नीचे व्यापार प्रभावित ना हो और ट्रैफिक भी सुचारू रूप से चल सके।

## जम्मू से लौट रही ट्रेनों का हाल, ठसाठस भरे कोच, खिड़कियों से आ-जा रही हैं सवारियां

**लखनऊ ■ एजेंसी**



जम्मू से आने वाली ज्यादातर ट्रेनें फुल आ रही हैं। आलम यह है कि सामान्य ही नहीं, आरक्षित बोगियों के गेट तक यात्री ठसाठस भरे रहते हैं। यात्री सभी गेटों को बंद कर देते हैं जिससे स्टेशन पर और भीड़ न बढ़े। बैठने की मारामारी इतनी है कि एसी कोच तक में भारी भीड़ रहती है। रविवार देर शाम जम्मू कश्मीर से आने वाली ट्रेनों में यही हाल देखने को मिला।

जम्मू कोलकाता एक्सप्रेस रविवार शाम चारबाग रेलवे स्टेशन पहुंची। यहां से कोलकाता जाने के लिए पहले से ही कुछ यात्री इंतजार कर रहे थे। जैसे ही ट्रेन स्टेशन पर पहुंची बैठने की मारामारी शुरू हो गई। ट्रेन में पहले से ही जम्मू के यात्री बैठे थे, उन्हें उतरने तक की जगह नहीं मिल रही थी। लोग किसी तरह खिड़कियों के सहारे बाहर निकले।

बहराइच के लियाकत अली परिवार के साथ एक साल से जम्मू में रह रहे थे। भारत-पाकिस्तान में बढ़ी रार के बाद वे अपनी गृहस्थी छोड़कर घर लौट आए हैं। जम्मू में मेरी तरह करीब 20 परिवार पेंटिंग का काम करते हैं।

## मध्यप्रदेश में पुलिस भर्ती को मिली बड़ी मंजूरी, 8,500 नए पदों पर होगी भर्ती



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में कानून व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश पुलिस में 8,500 नए पदों पर भर्ती की नवीन स्वीकृति प्रदान की है। इस आशय की जानकारी पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने हाल ही में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान दी। डीजीपी मकवाना ने बताया कि मुख्यमंत्री की इस स्वीकृति से प्रदेश की पुलिस व्यवस्था को नई ऊर्जा और ताकत मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय न केवल युवाओं के लिए सरकारी नौकरी के नए अवसर लेकर आएगा, बल्कि मप्र पुलिस की क्षमता को भी मजबूत करेगा।

## दो ट्रकों में जबरदस्त भिड़ंत, 9 महिलाओं और बच्चों समेत 13 लोगों की हुई मौत

**रायपुर ■ एजेंसी**



छत्तीसगढ़ के रायपुर में एक भीषण सड़क दुर्घटना में 9 महिलाओं और बच्चों सहित 13 लोगों की मौत हो गई। यह सड़क हादसा रायपुर-बलौदाबाजार राजमार्ग पर एक ट्रेलर और ट्रक के टकराने से हुआ। बताया जा रहा है कि खरोरा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत बंगोली गांव में यह हादसा उस वक्त हुआ जब एक पारिवारिक समारोह से लोग लौट रहे थे।

अधिकारियों के अनुसार, दुर्घटना रविवार रात करीब 11.00-11.30 बजे हुई। चटौद गांव के निवासी पुनीत साहू के रिश्तेदारों को लेकर एक ट्रेलर नीलकंठ साहू के निवास पर आयोजित एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए खरोरा के बानो गांव गया था। समारोह से लौटते समय, सारागांव के पास उनकी गाड़ी एक ट्रेलर ट्रक से टकरा गई, जिससे एक भयानक दुर्घटना हुई जिसमें 13 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में नौ महिलाएं, दो लड़कियां, एक लड़का और एक छह महीने का बच्चा शामिल है। कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

बालाघाट में हुआ 169 करोड़ लागत के 93 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन

## मध्यप्रदेश की धरती पर अब नहीं बचेंगे नक्सली : सीएम डॉ. यादव

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**



*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में वर्ष-2026 तक देशभर से नक्सलवाद के खात्मे का संकल्प लिया गया है। इसे पूरा करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार भी केंद्र सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही है। इसी क्रम में बालाघाट जिले के पिछले दिनों नक्सल मुठभेड़ों में शामिल रहे पुलिस फोर्स, हॉक फोर्स और विशेष सशस्त्र बल के 64 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को क्रम पूर्व पदोन्नति प्रदान की गई है। राज्य सरकार का यह महत्वपूर्ण कदम पुलिसकर्मियों का हौसला बढ़ाएगा। क्रम पूर्व पदोन्नति पुलिस इतिहास में स्वर्णिम क्षण है। सीएम ने कहा कि बालाघाट कभी अत्यधिक नक्सल प्रभावित 12 जिलों की सूची में शामिल था। सरकार की मंशा और पुलिस के परिश्रम से अब केंद्र सरकार ने बालाघाट को गंभीर समस्या वाली श्रेणी से बाहर कर अन्य श्रेणी में रखा है। बालाघाट में नक्सल गतिविधियों में गिरावट प्रशंसनीय है।*

### राज्य सरकार नक्सलियों से निपटने में सक्षम

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को 4 दिन की लड़ाई में पस्त कर दिया। गृह मंत्री श्री शाह के नेतृत्व में देशभर में नक्सल विरोधी अभियान संचालित हो रहा है। इस अभियान को मजबूती देने के लिए मध्यप्रदेश पुलिस को आधुनिक हथियारों और तकनीक से लैस किया जा रहा है। राज्य सरकार नक्सलियों से निपटने में पूरी तरह सक्षम है। बालाघाट की धरती पर यह अलंकरण समारोह नक्सलियों को सीधा संदेश है कि वे सरेंडर करें नहीं तो मारे जाएंगे। प्रदेश की धरती पर नक्सल का खूनी खेल अब नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि आज बालाघाट में पुलिस के वीरों का सम्मान हो रहा है। पुलिसकर्मी जान की बाजी लगाकर नागरिकों की सुरक्षा करते है।*

### गुजरात के सभी एयरपोर्ट्स खुले, मंदिरों में उमड़ा जनसैलाब




**अहमदाबाद।** भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद गुजरात के बॉर्डर इलाकों में हालात सामान्य हो गए हैं। सोमवार को राजकोट इंटरनेशनल एयरपोर्ट शुरू हो गया। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने एयरपोर्ट से पैसेंजर फ्लाइट्स की इजाजत दे दी है। इंडिगो और एयर इंडिया की ओर से बुकिंग शुरू होने के बाद उड़ानें शुरू की जाएंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### जबलपुर में नर्मदा नदी में डूबे पुलिसकर्मियों के बेटे

**जबलपुर।** जबलपुर में नर्मदा नदी में नहाने आए पांच दोस्तों में से दो की डूबने से मौत हो गई। घटना सोमवार दोपहर करीब 12 बजे की है। 17-18 साल के लड़के कालीघाट पर नहा रहे थे। उसी दौरान दो लड़के गहरे पानी में चले गए। दोस्तों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया। लेकिन तब तक दोनों डूब चुके थे। लड़कों ने स्थानीय लोगों के साथ-साथ ग्वारी घाट थाना पुलिस को सूचना दी। गोताखोरों के साथ मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने दोनों बच्चों की तलाश करना शुरू की। दोनों के शव घटनास्थल से 100 मीटर दूर मिले। मृतक बच्चों के पिता पुलिस विभाग में पदस्थ हैं। जानकारी के मुताबिक सोमवार सुबह बरेला में रहने वाले मृतक सुमित दुबे और बृजेंद्र मरकाम अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ नर्मदा स्नान के लिए निकले थे। पांचों दोस्त बाइक से कालीघाट पहुंचे और नहाने लगे। कुछ ही देर बाद सुमित और बृजेंद्र गहरे पानी में चले गए। साथ में नहा रहे दोस्तों ने उन्हें बचाने का प्रयास भी किया।

### जबलपुर में बिगड़ी ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने चौराहे पर बनाई पेंटिंग

**जबलपुर।** जबलपुर में तेज रफ्तार वाहनों से रोजाना हो रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए शहर के एक पेंटर ने ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए अनूठा प्रयास किया है। रानीताल निवासी पेंटर अभिषेक गुप्ता ने रानीताल चौक फ्लाईओवर ब्रिज से शुरू पेंटिंग अभियान शुरू किया है। सड़क दुर्घटनाओं के प्रति जागरूकता को लेकर ये पेंटिंग जल्द ही शहर के अधिकांश स्थानों पर नजर आएंगी। शहर के रानीताल चौराहे पर चित्रकार अभिषेक गुप्ता अपने दो साथियों सचिन विश्वकर्मा और पवन कड़ेरे के साथ सोमवार को पेंटिंग करते नजर आए। शुरुआत में लोगों को लगा कि सड़क दुर्घटना को लेकर ये लोग स्लोगन लिख रहे हैं। पर कुछ देर बाद अभिषेक ने जो तस्वीर बनाई, वह बता रही थी कि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था कितनी खराब है।

### उज्जैन में दिनदहाड़े घर के सामने से बाइक चोरी

**उज्जैन।** उज्जैन के वल्लभ नगर निवासी इंजीनियर के घर से बाहर से दिनदहाड़े दो बदमाश ने एक बाइक चोरी कर ले गए। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। बदमाशों के हौसले इतने बुलंद है कि दोनों बदमाशों ने इससे पहले 2 और 4 मई को भी बाइक चोरी की घटना को अंजाम दिया था। माधव नगर थाना क्षेत्र के वल्लभ नगर में रहने वाले इंजीनियर संदीप सोलंकी ने बताया कि मैं रविवार सुबह कार से ऑफिस गया था। इस दौरान करीब एक लाख चालीस हजार रुपए कीमत की मेरी अपाचे बाइक घर के बाहर खड़ी थी। रात करीब आठ बजे घर पहुंचा तो बाइक गायब थी। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज निकाले तो पता चला की दो बदमाश गाड़ी को ले जाते हुए दिखे। दोनों ने दोपहर करीब 2:40 बजे बाइक को चोरी किया। सीसीटीवी में दोनों बदमाश रेकी करते नजर आ रहे हैं।

### विक्रम विश्वविद्यालय में शुरू होगा डेयरी टेक्नोलॉजी कोर्स

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश में पहली बार विक्रम विश्वविद्यालय में डेयरी टेक्नोलॉजी का बीटेक पाठ्यक्रम शुरू किया जा रहा है। यह कोर्स इसी शैक्षणिक सत्र से प्रारंभ होगा। इस पाठ्यक्रम में डेयरी उत्पादों का निर्माण, भंडारण, प्रोसेसिंग और रिसर्च शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर शुरू हो रहे इस कोर्स में प्रवेश प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। कुलपति प्रो. अर्पण भारद्वाज के अनुसार, अधिक से अधिक युवाओं को इस पाठ्यक्रम से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। प्रवेश के लिए साइंस स्ट्रीम से 12वीं पास छात्र आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश सीयूटी या संस्थान के माध्यम से दिया जाएगा। वेटरनरी साइंस के छात्र भी इस क्षेत्र में करियर बना सकते हैं।

### उज्जैन के रसोइया की सड़क हादसे में मौत

**देवास।** देवास के विजयागंज थाना क्षेत्र में बीती रात एक सड़क हादसे में उज्जैन निवासी की जान चली गई। मृतक की पहचान मुकेश केलकर (52) के रूप में हुई है। वह रसोई बनाने का काम करने के लिए देवास जिले में आए थे। घटना सुमराखेड़ा मार्ग की है। मुकेश रसोई का काम करने के लिए सुमराखेड़ा पहुंचे थे। वहां से कुछ सामान लेने के लिए पैदल दुकान जा रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।

---

#### ग्वालियर में सराफा कारोबारी का कारीगर सोना लेकर फरार

# रस्सा चेन बनाने दिया था 180 ग्राम सोना, सब्जी लेने गया फिर नहीं लौटा

**ग्वालियर ■ निसं**

ग्वालियर में एक सराफा कारोबारी को उसकी ही शॉप के कारीगर ने लगभग 15 लाख रुपए का चूना लगा दिया। आरोपी कारीगर सोने की चेन बनाने का काम करता था। रस्सा डिजाइन चेन बनाने में उसे मास्टरी हासिल थी। चार मई को सराफा कारोबारी ने उसे 180 ग्राम सोना दिया था। वह कारोबारी के व्यवसायिक परिसर में ही बने क्वार्टर में रहता था। 7 मई को सुबह सब्जी लेने निकला, लेकिन फिर लौटा ही नहीं।

जब वह दुकान पर भी नहीं पहुंचा तो व्यापारी ने पड़ताल की। उसके रूम का ताला तोड़ा तो अंदर कहीं भी सोना नहीं मिला। व्यापारी ने क्वार्टर में लगे ष्टष्टञ्जङ्क कैमरे खंगाले तो वह दराज में से सोने की चेन और सोना उठाकर जाता दिख रहा है। घटना बाई साहब की परेड जनकगंज की है। पुलिस ने व्यापारी की शिकायत पर अमानत में खयानत का मामला दर्ज किया है।

सीएसपी लश्कर मनीष यादव से मिली जानकारी के अनुसार, शहर के दाल बाजार तेजेंद्र नाथ की गली निवासी शिवम पुत्र प्रेमचंद्र अग्रवाल सराफा कारोबारी हैं। उनका सोने की चेन बनाने का काम है। बाई साहब की परेड पर उनका प्रतिष्ठान है। उनके यहां पर आठ कारीगर काम करते हैं। सभी कारीगर अलग-अलग डिजाइन की सोने की चेन बनाने का काम करते हैं। सभी कारीगरों को प्रतिष्ठान परिसर में ही कमरे दिए गए हैं। चार मई को उन्होंने रस्सा चेन बनाने मोनू पुत्र अशोक कुमार निवासी उन्नाव यूपी को 180 ग्राम सोना दिया था। मोनू के साथ अनिल कुमार, निवासी उन्नाव रस्सा चेन बनाता है। दोनों एक ही कमरे में रहते हैं।



**अनिल ने मोनू को कॉल किया तो मोबाइल बंद था**

छह मई को अनिल कुमार छुट्टी लेकर अपने गांव चला गया था। इसके अगले ही दिन 7 मई को आरोपी कारीगर मोनू सब्जी लेने जाने का कहकर निकला फिर वापस नहीं लौटा। जब मोनू दोपहर तक दुकान पर भी नहीं पहुंचा तो शिवम अग्रवाल ने स्टाफ से पूछताछ की। उसके रूम मेट अनिल को कॉल लगाया। अनिल ने मोनू को कॉल किया तो मोबाइल बंद था।

**सीसीटीवी कैमरे में चेन उठाकर जाता दिखा**

शंका होने पर व्यापारी ने मोनू के रूम का ताला तोड़ा तो अंदर कोई सोना या चेन नहीं मिली। इसके बाद वहां क्वार्टर में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक लिए। जिसमें कारीगर मोनू सोने की चेन लेकर जाता कैद हुआ है। इसका पता चलते ही वह थाने पहुंचे और मामले की शिकायत की। पुलिस ने उनकी शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

---

## ट्रेन से टकराने से 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौत



**बुधनी।** बुधनी के रेलवे ट्रैक पर एक 60 वर्षीय बुजुर्ग की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। बुजुर्ग की पहचान वार्ड नंबर 12 निवासी तुलाराम जाटव के रुप में हुई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए बुधनी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा दिया है आगे कार्रवाई में पुलिस जुटी हुई है।

---

## नागरिक सुरक्षा योजना अंतर्गत 180 वॉलंटियर्स को पुलिस लाईन खंडवा में दिया गया प्रशिक्षण



**खंडवा ■ निसं**

भारत एवं पाकिस्तान के मध्य उत्पन्न तनाव को दृष्टिगत रखते हुए जिला खंडवा में नागरिक सुरक्षा योजना के तहत आपदा प्रबंधन की तैयारी की गई है, जिसके अंतर्गत नागरिक सुरक्षा वॉलंटियर्स का नामांकन किया जा रहा है। सोमवार को कुल 180 नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवकों का नामांकन किया गया तथा उन्हें आपदा प्रबंधन हेतु पुलिस लाईन खंडवा में प्राथमिक चिकित्सा, अग्निशमन सेवा एवं बचाव कार्य का प्रशिक्षण दिया गया।

स्वास्थ्य विभाग से डॉ. नितिन कपूर एवं डॉ. आलोक भूषण तथा अग्निशमन सेवा हेतु नगर निगम खंडवा से कार्तिक जैन द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। साल्वेज एवं स्ट्रेचर पार्टी के लिये प्रशिक्षण अनिल पाटील एवं रविन्द्र महिवाल प्लाटून कमांडर होमगार्ड खंडवा द्वारा दिया गया।

सायबर अटैक से संबंधित प्रशिक्षण सायबर सेल खंडवा के प्रधान आरक्षक 480 जितेन्द्र राठौर द्वारा दिया गया। कार्डन एवं काउड कंट्रोल के संबंध में प्रशिक्षण महेन्द्र तारणेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर जिला खंडवा द्वारा दिया गया। पुलिस लाईन खंडवा में प्रशिक्षण हेतु संसाधन राजेश रघुवंशी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जिला खंडवा एवं रक्षित निरीक्षक अरविंद दांगी रक्षित केन्द्र खंडवा द्वारा अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर उपलब्ध कराया गया। नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवकों के प्रशिक्षण कार्य की मॉनिटरिंग कलेक्टर ऋषव गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय द्वारा की जा रही है।

---

#### एमपीसीए में फिर पहुंचा धमकी भरा मेल

## होल्कर स्टेडियम में बम प्लांट करने की बात कही, बम स्कवॉड और पुलिस पहुंची

**इंदौर ■ निसं**

इंदौर के होल्कर स्टेडियम को फिर से धमकी भरा मेल मिला है। जिसमें कहा गया है कि स्टेडियम में बम प्लांट कर दिया है। जल्द ही एक धमाका होगा। इस मामले में एमपीसीए के प्रशासनिक अफसर ने पुलिस को जानकारी दी है। पुलिस की टीम के साथ बम स्क्वॉड की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की पर कुछ हाथ नहीं लगा।

तुकोगंज टीआई जितेन्द्र यादव ने बताया कि उनके पास एमपीसीए की तरफ से सोमवार सुबह कॉल आया। जिसमें बताया गया कि उनके आफिशियल मेल पर फिर से धमकी आई है। धमकी देने वाले ने बम प्लांट करने की बात कही है। इसके बाद वरिष्ठ अफसरों को जानकारी देकर बम स्क्वॉड की टीम को मौके पर बुलाया गया। जहां चेकिंग में कुछ नहीं मिला है।

**4 दिन में दूसरी बार धमकी:** इसके पहले एमपीसीए को 9 मई को धमकी मिली थी। जिसमें कहा गया था कि आपके स्टेडियम में बम विस्फोट होगा। वही पाकिस्तान से पंगा नहीं लेने की बात कही गई थी। अपनी सरकार को समझाओ, पाकिस्तान के स्लीपर सेल देशभर में हैं। बाद में एमपीसीए के रोहित पंडित ने तुकोगंज थाने में जानकारी दी थी। इसके बाद घबराए हुए टीआई जितेन्द्र यादव यहां अपनी टीम के साथ पहुंचे थे, लेकिन तब भी कुछ नहीं मिला था।




**बॉम्बे अस्पताल को भी धमकी:** इसके बाद शनिवार को बॉम्बे अस्पताल को भी इसी तरह का धमकी भरा मेल पहुंचा था। जिसमें प्रशासनिक अफसर पाराशर ने भी लसूडिया पुलिस को शिकायत की थी। डीसीपी अभिनव विश्वकर्मा ने बताया था कि उन्होंने टीम के साथ वहां चेकिंग कराई, लेकिन वहां कुछ नहीं मिला। हालांकि क्राइम ब्रांच की टीमें सभी मेल को लेकर जांच कर रही हैं। पंजाब नेशनल बैंक को भी कुछ दिन पहले धमकी भरा मेल मिल चुका है।

---

### ग्वालियर में बीएसएफ की वर्दी पहनकर घूमता युवक पकड़ाया

**ग्वालियर।** ग्वालियर के बिलौआ थाना क्षेत्र में बीएसएफ टेकनपुर ट्रेनिंग अकादमी के पास पुलिस ने रविवार देर रात एक संदिग्ध युवक को पकड़ा है। युवक मकोड़ा गांव के पास बीएसएफ की हवलदार रैंक की वर्दी पहनकर घूम रहा था। पुलिस ने उसे रोककर पहचान पत्र मांगा तो वह घबरा गया और कोई वैध आईडी नहीं दिखा सका। उसके पास एक बैग मिला, जिस पर %राहुल सिंह ( ।ाष्ट) यूनिट स्ज्ञष्ट% लिखा हुआ था। युवक की पहचान उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले के रहने वाले राहुल पुत्र मलखान सिंह जाटव (26) के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने बताया कि उसका बड़ा भाई बीएसएफ में है, लेकिन जब पुलिस ने भाई का नाम पूछा तो वह नहीं बता सका। बाद में जांच में सामने आया कि उसका कोई भाई बीएसएफ में नहीं है। राहुल बीएसएफ की भर्ती में फेल हो गया था, लेकिन घरवालों से कहा कि उसका चयन हो गया है।

---

#### यज्ञ पूर्णाहुति के साथ कथा और हरिनाम संकीर्तन का किया पारायण

## हवन- यज्ञ का धुआं वातावरण को शुद्ध करता है: विधायक पाटीदार

**टेमला में विशाल भंडारे में हजारों लोगों ने पाई भोजन प्रसादी**

**खरगोन ■ निसं**

समीपी ग्राम टेमला में चल रही सात दिवसीय भागवत कथा एवं रासलीला महोत्सव का सोमवार को भक्ति भाव भरे उत्सवी माहौल में विराम दिया गया। यहां पिछले डेढ़ माह से हरी नाम संकीर्तन के साथ ही 7 दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण से धर्म की बयार बह रही थी। टेमला वासी सहित शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रो के सनातनियों ने भी श्रीकृष्ण भक्ति रूपी अमृत सागर में आस्था की डुबकी लगाई। कथा, संकीर्तन पारायण पर आयोजित भंडारे में हजारों लोगों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने बताया मान्यता है कि भागवत कथा के अंतिम दिन हवन- यज्ञ का धुआं वातावरण को शुद्ध करता है। यजमानों ने आहुति देकर क्षेत्र की खुशहाली और विश्व के कल्याण की कामना की। कथा के समापन पर, आसपास के गांवों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया।



**कथा के साथ संकीर्तन का किया पारायण:** विधायक न बताया ग्राम में प्रतिवर्ष वैशाख माह के दौरान हरे राम हरे कृष्ण संकीर्तन किया जाता है। या संकीर्तन को इस वर्ष 50 वर्ष पूर्ण होने के निमित कथा का आयोजन हुआ। कथा में ईश्वर की ऐसी कृपा रही कि आंधी, तूफान, बारिश और पाकिस्तान के खिलाफ चल रहे ऑपरेशन की विपरित परिस्थिति में भी उक्त धार्मिक आयोज निर्बाध रूप से सम्पन्न हुआ। सोमवार को श्रीकृष्ण चैतन्य संकीर्तन समिति के सदस्यों ने सपत्नीक यज्ञ में पूर्णाहुति डालकर कथा ओर इस वर्ष के संकीर्तन का परायण किया।

विधायक ने बताया इस धार्मिक अनुष्ठान के निमित आयोजित यज्ञ में सबकी खुशहाली, समृद्धि, अच्छी बारिश की कामना को लेकर आहुति डाली गई।

कथा विराम दिवस पर आयोजन समिति अधयक राजेश बड़ोले, प्रचार प्रमुख राम्या पाटीदार ने कथा, वाचक डॉ श्याम सुंदर पराशर, रासलीला कलाकार कुंज बिहारी एवं मंडली ओर संकीर्तन में सेवाएं देने वाले सभी 29 समितियों के सदस्यों, मातृशक्ति, कलेक्टर, एसपी, पुलिस, जिला प्रशासन, यातायात पुलिस, नपा, पंचायत विभाग, मीडियाकर्मियों, श्रोताओ सहित प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग कर आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वालो का आभार जताया।

---

## बाबा महाकाल को भक्त ने अर्पित किया चांदी का मुकुट

**अहमदाबाद से आई भक्त को मंदिर समिति ने किया सम्मानित**



**उज्जैन ■ निसं**

विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में गुजरात के अहमदाबाद से आई भक्त ने भगवान महाकाल को चांदी का मुकुट अर्पित किया है। मंदिर समिति द्वारा दानदाता सपना लखेड़ा को भगवान महाकाल का प्रसाद और दुपट्टा भेंट कर सम्मान किया गया। मंदिर के सभामंडप में पूजन के बाद मंदिर प्रबंध समिति ने मुकुट स्वीकार किया। हालांकि चांदी के मुकुट के वजन की जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है।

वर्तमान में ग्रीष्म अवकाश का समय होने के कारण देशभर से भक्त बाबा महाकाल के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। मंदिर में भक्तों द्वारा मनोकामना पूर्ण होने पर नगद राशि, चांदी-सोने के आभूषण या अन्य सामग्री का दान किया जाता है। विशेष पर्व और त्योहारों पर भी भक्त दान करते हैं।

---

#### भारत-पाक तनाव के बीच इंदौर से उड़ानें फिर से शुरू

# जोधपुर, चंडीगढ़ और जम्मू की उड़ानों की बुकिंग 15 मई से, टिकटों में छूट

**इंदौर ■ निसं**

भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के कारण बॉर्डर के पास स्थित एयरपोर्ट्स से उड़ानों का संचालन बंद कर दिया गया था। इसके बाद इन एयरपोर्ट्स से संचालित होने वाली फ्लाइट्स की बुकिंग भी रोक दी गई थी। इंदौर से जोधपुर, चंडीगढ़ और जम्मू की उड़ानें भी बंद कर दी गई थीं। हालांकि, अब इंडिगो एयरलाइंस ने इन रूट्स की बुकिंग फिर से शुरू कर दी है।

15 मई से इन उड़ानों की बुकिंग उपलब्ध है और फिलहाल टिकट की कीमत 4,000 रुपए से शुरू हो रही है। सामान्य दिनों में इन टिकटों की कीमत 6,000 से 7,000 रुपए तक होती थी। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने भी घोषणा की है कि जो एयरपोर्ट बंद किए गए थे, वे अब सिविल फ्लाइट्स के लिए फिर से खोले जा रहे हैं।




इंदौर के ट्रैवल एजेंटों का कहना है कि इंदौर से ज्यादातर पर्यटक जोधपुर, चंडीगढ़ और जम्मू एयरपोर्ट से कनेक्टिंग फ्लाइट्स के जरिए अन्य पर्यटन स्थलों पर जाते हैं। इसलिए, इन रूट्स पर फ्लाइट्स कम बुक होने के कारण टिकटों की कीमत सस्ती रह सकती है।

6 मई को पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों पर हमला किया था। इस जवाबी हमले के बाद सुरक्षा कारणों से 7 मई से पाकिस्तान सीमा से सटे जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान और गुजरात के एयरपोर्ट्स पर सभी यात्री उड़ानों का संचालन बंद कर दिया गया था। यह बंदी 10 मई तक रखी गई थी।

शनिवार शाम को दोनों देशों के बीच सीजफायर की घोषणा की गई थी, जिससे यह उम्मीद की जा रही थी कि रविवार से उड़ानें फिर से शुरू हो जाएंगी। लेकिन रात में पाकिस्तान ने सीजफायर का उल्लंघन करते हुए भारत के कई सीमावर्ती शहरों में हमले किए। इसके बाद भारत ने भी जवाबी कार्रवाई की और एक बार फिर युद्ध जैसी स्थिति बन गई। इसके परिणामस्वरूप, रविवार को भी सीमा से सटे एयरपोर्ट्स पर उड़ानों का संचालन बंद रहा।

**टिकट लेने से बच रहे यात्री**

ट्रैवल एजेंटों के अनुसार, इंदौर से जोधपुर, जम्मू और चंडीगढ़ की उड़ानों की बुकिंग 15 मई से शुरू हो गई है, लेकिन इसके बावजूद यात्री टिकट लेने में संकोच कर रहे हैं। इसका परिणाम यह हुआ कि इन रूट्स पर टिकट की कीमत बेहद कम है। यदि युद्ध की स्थिति बनी रहती है, तो सीमावर्ती एयरपोर्ट्स पर उड़ानों का संचालन आगे भी बंद रह सकता है, जिससे 15 मई के बाद भी उड़ानें निरस्त हो सकती हैं।

---

#### जॉब का लालच देकर दुष्कर्म, ब्लैकमेल कर ऐंठे रुपए

## सैलून पर फेशियल कराते हुई दोस्ती, होटल में रेप कर निकाली अश्लील तस्वीर

**ग्वालियर ■ निसं**

ग्वालियर में सैलून पर काम करने वाली एक महिला कर्मचारी से एक युवक ने फेशियल कराते-कराते दोस्ती कर ली। फिर महिला को अच्छी जॉब का ऑफर देकर होटल ले गया। यहां कोल्डड्रिंक में नशीली दवा मिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। साथ ही न्यूड तस्वीर और वीडियो शूट कर लिए। उसके बाद वह महिला को वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। जब महिला ने रुपए देने से इनकार कर दिया तो आरोपी ने वीडियो वायरल कर दिए। महिला ने विश्वविद्यालय थाना में शिकायत की है। जिस पर रविवार रात पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।



घटना दिसंबर 2022 सिटी सेंटर स्थित एक होटल की है। आरोपी ने लगातार तीन साल तक महिला का शारीरिक शोषण किया और रुपए ऐंठे। 38 वर्षीय महिला ग्वालियर की रहने वाली है। उसने शिकायत की है कि दो साल पहले वह सिटी सेंटर स्थित एक सैलून में जॉब करती थी। यहां पर डबरा निवासी अजय पुत्र रामस्वरूप शर्मा फेशियल कराने के लिए आता था। इसी बीच उनके बीच मित्रता हो गई।

## एम्स में आर्टिफिशियल किडनी की ट्रायल सर्जरी जल्द

# अब भोपाल में होंगे सटीक और सुरक्षित किडनी ऑपरेशन, 9 लाख मिला अनुसंधान अनुदान

भोपाल ■ निसं

किडनी स्टोन की सर्जरी अब और अधिक सटीक और सुरक्षित होगी। एम्स भोपाल देश का पहला केंद्र बनने जा रहा है। जहां पर 3डी प्रिंटेड आर्टिफिशियल किडनी पर ट्रायल सर्जरी की जाएगी। इस परियोजना के तहत पहले मरीज के सीटी स्कैन, एमआरआई इमेज और अन्य टेस्ट रिपोर्ट के आधार पर उसकी आंतरिक संरचना का थ्री डायमेंशनल (3डी) मॉडल तैयार किया जाएगा। उस पर सर्जरी कर मुख्य ऑपरेशन की पूरी योजना बनाई जाएगी।



संस्थान को मध्यप्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद से 3डी प्रिंटिंग तकनीक पर आधारित किडनी सर्जरी नवाचार परियोजना के लिए 9 लाख रुपए की अनुसंधान अनुदान राशि स्वीकृत हुई है। इस परियोजना का नेतृत्व यूरोलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. केतन मेहरा कर रहे हैं।

उनके साथ सह-अन्वेषक के रूप में सीटीवीएस विभाग से डॉ. विक्रम वट्टी भी जुड़े हैं। दोनों विशेषज्ञों की यह टीम सर्जरी से पहले मरीजों की किडनी का सटीक थ्री डी मॉडल तैयार कर, उस पर सर्जरी करेंगे। इसके लिए 7 लाख रुपए का 3डी प्रिंटर खरीदा जा रहा है। यह एम्स का चौथा 3डी प्रिंटर होगा। इससे पहले एनाटमी, ऑर्थोपेडिक और डेंटल डिपार्टमेंट के पास एक-एक 3डी प्रिंटर है।

# राज्यमंत्री गौर ने गोविंदपुरा क्षेत्र की कॉलोनियों का भ्रमण कर सुनीं रहवासियों की समस्याएं

भोपाल ■ निसं

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा है कि गोविंदपुरा क्षेत्र में 20 करोड़ रुपए की लागत से केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के पास स्वीमिंग पूल और ऑडिटोरियम बनेगा। उन्होंने यह बात सोमवार को गोविंदपुरा क्षेत्र में भ्रमण के दौरान कहीं। राज्यमंत्री श्रीमती गौर निरंतर क्षेत्र का दौरा कर जनता से सीधे संवाद कर रही हैं। इससे मौके पर ही समस्याओं का निराकरण हो रहा है।



राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने रजत विहार कॉलोनी के रहवासियों से मुलाकात कर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और आवश्यकताओं पर चर्चा की। उन्होंने दानिश नगर से भेल संगम चौराहा तक स्ट्रीट लाइट, कम्युनिटी हॉल में अतिरिक्त कमरों का निर्माण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही क्षेत्रवासियों को स्विमिंगपूल एवं ऑडिटोरियम सुविधाओं की सौगात देने की बात कही। उन्होंने कहा कि स्विमिंगपूल और ऑडिटोरियम के प्रोजेक्ट्स को स्वीकृति मिल चुकी है। निर्माण कार्य जल्द ही शुरू कर निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाएगा। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने दौरे के दौरान केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के पास स्विमिंगपूल और ऑडिटोरियम निर्माण स्थल का निरीक्षण कर जल्द से जल्द कार्य शुरू कराने की बात कही।

राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने अग्रवाल नगर में रहवासियों की बताई सीवेज नेटवर्क में सुधार, और सड़कों की मरम्मत जैसी आवश्यकताओं पर चर्चा की। जनता की अपेक्षाओं को प्राथमिकता देते हुए अधिकारियों को तत्काल समाधान के लिये स्पष्ट निर्देश दिए। कुंजन नगर फेस-1 में रहवासियों से आत्मीय भेंट कर उनकी समस्याएं सुनीं। सीवेज व्यवस्था, सड़कों का डामरीकरण, पार्क विकास, कम्युनिटी हॉल व नर्मदा जल लाइन सहित सभी मांगों पर अधिकारियों को शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### डीजीपी की मंजूरी के बाद एसपी को मिलेगी छुट्टी

**भोपाल।** भारत-पाकिस्तान सीमा पर लगातार तनावपूर्ण हालात के बीच देश के सभी राज्यों को सतर्क किया गया है। इसी कड़ी में मध्य प्रदेश में पुलिस मुख्यालय ने एक गोपनीय आदेश जारी किया है। इसके तहत मप्र पुलिस के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। पीएचक्यू ने रविवार को इस संबंध में गोपनीय आदेश जारी किया। आदेश के अनुसार, डीएसपी और एएसपी को अवकाश के लिए संबंधित एडीजी या आईजी से, जबकि एसपी, कमांडेंट, एआईजी व उच्च अधिकारियों को डीजीपी से अनुमोदन लेना होगा। यह आदेश सभी प्रकार के अवकाशों पर लागू होगा। इससे पहले सामान्य प्रशासन ने 13 विभागों के अवकाश पर रोक लगाई थी।

### बोर्ड परीक्षा में असफल छात्रों को फिर से मिलेगा मौका

**भोपाल।** मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बोर्ड परीक्षा में असफल हुए छात्रों के लिए राहत भरी घोषणा की है। जो छात्र इस वर्ष की बोर्ड परीक्षा में फेल हो गए या किसी कारणवश परीक्षा में अनुपस्थित रहे। बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली द्वितीय (पूरक) परीक्षा का आयोजन जून-जुलाई 2025 में किया जाएगा जिसमें लाखों छात्रों को दोबारा परीक्षा देने का अवसर मिलेगा। बोर्ड के अनुसार इस वर्ष कक्षा 10वीं और 12वीं के 3,44,498 छात्र प्रथम प्रयास में असफल या अनुपस्थित रहे हैं। इन छात्रों के लिए दूसरी परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। 10वीं बोर्ड की पूरक परीक्षा 17 जून से 26 जून 2025 तक होगी। इसके लिये फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 21 मई 2025 है। परीक्षा शुल्क ?500 प्रति विषय है। 12वीं बोर्ड पूरक परीक्षा 17 जून से 5 जुलाई 2025 तक होगी। अन्य जानकारी एवं विषयवार टाइम टेबल जल्द जारी किया जाएगा।

### उप मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ पत्रकार डॉ. के. विक्रम राव के निधन पर शोक व्यक्त किया

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने वरिष्ठ पत्रकार एवं इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के. विक्रम राव के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि डॉ. राव का पत्रकारिता जगत में उनका योगदान अनुकरणीय रहा है। उन्होंने निष्पक्ष पत्रकारिता को सशक्त किया साथ ही देशभर के पत्रकारों के अधिकारों के लिए सदैव सक्रिय भूमिका निभाई। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि डॉ. विक्रम राव जी का समर्पण, सादगी और विचारशील व्यक्तित्व सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत था। उनके जाने से देश ने एक निर्भीक और सिद्धांतनिष्ठ पत्रकार को खो दिया है। उन्होंने परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं शोकाकुल परिजनों को यह असीम दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### भोपाल के नालों में कई फीट गाद, 30 मई तक हटाएंगे

**भोपाल।** भोपाल के 20 से ज्यादा बड़े नालों में कई फीट गाद भर गई है। यदि इनकी सफाई नहीं हुई तो बारिश में पुराने शहर के कई इलाकों में जलभराव के हालात बन सकते हैं। इसलिए नगर निगम का अमला इन्हें साफ करने में जुट गया है। महापौर मालती राय ने बताया, 30 मई तक बड़े नालों की सफाई हर हाल में कर लेंगे। छोटे नालों की सफाई का काम 20 मई तक पूरा करेंगे। सोमवार को महापौर राय ने जोन-4 के नादरा बस स्टैंड से कबाड़खाना, सिंधी चौराहा तक नालों का सफाई अभियान का निरीक्षण किया। एमआईसी मेंबर आरके सिंह बघेल, जोन अध्यक्ष पूजा शर्मा, मंडल अध्यक्ष अजय राहुल भी मौजूद थे।

## सिग्नल पर बस का ब्रेक फेल, लेडी डॉक्टर को कुचला

# भोपाल में 8 गाड़ियों को मारी टक्कर, 6 घायल, फिटनेस-इंश्योरेंस एक्सपायर थे

भोपाल ■ निसं

भोपाल के बाणगंगा चौराहे पर स्कूल बस ने 8 वाहनों को टक्कर मार दी। हादसे में इंटर्नशिप कर रही लेडी डॉक्टर की मौत हो गई जबकि 6 लोग घायल हैं। दो की हालत गंभीर है। बताया गया है कि बस के ब्रेक फेल होने से हादसा हुआ है। इसका वीडियो भी सामने आया है। हादसे के बाद ड्राइवर मौके से भाग निकला।

**बस की टक्कर से उछली डॉक्टर, 50 फीट तक घिसटी:** वीडियो में दिख रहा है कि रेड सिग्नल के दौरान बाणगंगा चौराहे पर गाड़ियां आकर रुकीं। इसी दौरान एक स्कूल बस पीछे से तेज रफ्तार में आई और आगे खड़ी गाड़ियों को कुचलते हुए बढ़ गई। बस के ठीक सामने खड़ी स्कूटी पर बैठी युवती उसकी टक्कर से उछली। वह स्कूटी समेत बस के अगले हिस्से में फंस गई। करीब 50 फीट तक घिसटने के बाद स्कूटी बस के अगले हिस्से से निकली तो युवती अगले पहिए के नीचे आ गई।

**बस ड्राइवर चिल्ला रहा था-हटो, हटो:** प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सिग्नल पर 10-12 वाहन खड़े थे। इसी दौरान पीछे से स्कूल बस आई। उसका ड्राइवर हटो-हटो चिल्ला रहा था। कुछ ही सेकंड्स में बस लोगों को कुचलती हुई आगे बढ़ गई। बस रोशनपुर चौराहा से पॉलिटेक्निक कॉलेज की तरफ जा रही थी।



डॉ. आयशा खान
हादसे में मृतक

**कार्ड बांटते वक्त मां को मिली मौत की खबर:** हादसे में जान गंवाने वाली आयशा खान बीएएमएस डॉक्टर थीं। मुल्ला कॉलोनी निवासी आयशा जेपी हॉस्पिटल में इंटर्नशिप कर रही थीं। वहीं से घर लौटते वक्त हादसे का शिकार हो गईं। आयशा के पिता जाहिद खान जबलपुर में इंडियन बैंक में मैनेजर हैं। एक छोटा भाई है। अगले महीने 14 तारीख को आयशा की शादी तय है। मां कार्ड बांटने गई थी, इसी दौरान बेटी की मौत की सूचना मिली।

हादसे में गंभीर रूप से घायल रईस और फिरोज मजदूरी करते हैं। वे एक ही बाइक पर थे। उन्हें पहले हमीदिया अस्पताल ले जाया गया था। फिर परिजन प्राइवेट हॉस्पिटल ले गए।

उन्होंने कहा कि अनफिट वाहन सड़क पर चलाना मोटर व्हीकल एक्ट के अनुसार अपराध है। हम इस पर नियमानुसार कार्रवाई करेंगे।

### कार की टक्कर से आगे बढ़ी दूसरी कार, बाइक से टकराई

बस ने जिस कार को टक्कर मारी, वो कार झटके से आगे खड़ी दूसरी कार को टक्कर मारते हुए आगे बढ़ी। इससे दूसरी कार के सामने खड़े बाइक सवार को भी टक्कर लगी।

### नवंबर 2024 में एक्सपायर हो चुका था फिटनेस

जिस स्कूल बस से हादसा हुआ, उसका फिटनेस नवंबर 2024 में एक्सपायर हो चुका था। इसके बाद भी इसे सड़क पर चलाया जा रहा था। भोपाल आरटीओ जितेंद्र शर्मा का कहना है कि यह बस निजी स्कूल में रजिस्टर्ड थी। संबंधित को नोटिस देकर पूछताछ की जाएगी कि बस सड़क पर क्यों चल रही थी?

# प्रदेशभर में 83 लाख उपभोक्ताओं का ई-केवायसी बाकी

## फ्री खाद्यान्न योजना के लिए ईकेवायसी कराने 20 दिन और शेष



भोपाल ■ निसं

खाद्य सुरक्षा कानून के अंतर्गत प्रतिमाह दिए जाने वाले निश्शुल्क खाद्यान्न का लाभ केवल पात्र व्यक्तियों को ही मिले, इसके लिए ई-केवायसी करवाया जा रहा है। मध्य प्रदेश में अभी तक 15 लाख ऐसे हितग्राही चिह्नित किए गए हैं, जिनका या तो निधन हो गया है या फिर वे चार माह से खाद्यान्न लेने नहीं आए। इन सभी के नाम पात्रता सूची से हटाए गए हैं। अभी भी 83 लाख हितग्राहियों का ई-केवायसी होना बाकी है। इनमें भी तीन से चार लाख ऐसे हितग्राही हो सकते हैं, जिनका नाम दो जगह दर्ज है, उनका निधन हो चुका है या फिर खाद्यान्न लेने ही नहीं आ रहे हैं। ऐसे हितग्राहियों का नाम सूची से काटकर नए नाम जोड़े जाएंगे।

खाद्य सुरक्षा कानून के प्रविधान के अंतर्गत मध्य प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के 5.46 करोड़ हितग्राही हो सकते हैं। यह संख्या साढ़े पांच करोड़ को पार कर गई थी।

### साढ़ें चार लाख हितग्राही राशन लेने ही नहीं आ रहे

इसमें साढ़े चार लाख हितग्राही तो ऐसे पाए गए जो चार माह से राशन लेने के लिए नहीं आ रहे हैं। जबकि, योजना में निश्शुल्क खाद्यान्न देने का प्रविधान है। इसी तरह जांच में यह भी सामने आया कि लगभग 10 लाख हितग्राही ऐसे हैं, जिनका या तो निधन हो चुका है या फिर कहीं चले गए हैं। ऐसे सभी लोगों के नाम काटे जाने चाहिए थे लेकिन सूची में दर्ज थे। इनके नाम पर खाद्यान्न भी आवंटित हो रहा है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जनवरी से अप्रैल, 2025 के बीच 15 लाख नाम सार्वजनिक वितरण प्रणाली के हितग्राहियों की सूची से हटाए जा चुके हैं। यह प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है इसलिए संख्या बढ़ भी सकती है।

## फॉर्मर रजिस्ट्री की वजह से सर्वर पर बढ़ा लोड

# पोर्टल पर ऑनलाइन सेवा रात 8 से सुबह 6 बजे तक ही उपलब्ध

भोपाल ■ निसं

डिजिटल फार्मर रजिस्ट्री किसानों और अधिकारियों के लिए सिरदर्द बन गई है। सर्वर की परेशानी से फार्मर रजिस्ट्री की गति तेज नहीं हो पा रही है। वहीं वेबसाइट की दिक्कतों के चलते पोर्टल पर ऑनलाइन सेवाएं रात 8 से सुबह 6 बजे तक ही उपलब्ध हो पा रही हैं। इससे किसान परेशान हो रहे हैं। गौरतलब है कि सामान्यत: गर्मियों के सीजन में ही किसान जमीनों से जुड़े लंबित प्रकरणों का निराकरण कराते हैं, लेकिन इन दिनों किसानों को भू-अभिलेख पोर्टल से जमीनों के दस्तावेज ही नहीं मिल रहे हैं। जिससे उन्हें परेशान होना पड़ रहा है। चूंकि भू-अभिलेख की सेवा रात में चालू होती है, जबकि ज्यादातर किसान गांव में रहते हैं। जहां प्रिंट निकालने जैसी सुविधा उपलब्ध नहीं रहती है। रात में दुकानें भी बंद हो जाती हैं। हाल ही में किसानों की ये समस्याएं सीएम हेल्पलाइन से लेकर अधिकारियों तक पहुंच रही हैं।

गौरतलब है कि मप्र सरकार द्वारा किसानों की जमीनों से जुड़े दस्तावेजों को ऑनलाइन कर दिया है, लेकिन शर्त यह है कि ये दस्तावेज रात के अंधेरे में ही ऑनलाइन उपलब्ध हैं। दिन के समय जमीनों से जुड़ा कोई भी दस्तावेज ऑनलाइन उपलब्ध नहीं है। आयुक्त भू-अभिलेख ने यह अजीब व्यवस्था लागू की है, जिससे प्रदेश भर के किसान एवं आम लोग परेशान हो रहे हैं। दरअसल, आयुक्त भू अभिलेख के पोर्टल पर भू-अभिलेख से जुड़ी से ऑनलाइन सेवा रात 8 से सुबह 6 बजे तक ही उपलब्ध है। यानी दिन में यदि कोई व्यक्ति अपनी जमीन से जुड़े दस्तावेज निकलवाना चाहे या जमीन से जुड़ी जानकारी सर्च करना चाहे तो, पार्टल पर यह सेवा उपलब्ध ही नहीं रहती है। हालांकि रात 8 बजे के बाद भू-अभिलेख पर दस्तावेजों के सर्च एवं रिपोर्ट निकालने की सुविधा शुरू हो जाती है। इस संबंध में आयुक्त भू-अभिलेख कार्यालय से बताया गया कि फॉर्मर रजिस्ट्री की वजह से सर्वर पर लोड ज्यादा है। इसलिए मुफ्त में जो सुविधा बंद थी, वह अस्थाई रूप से बंद कर दी गई है। हालांकि लॉगिन करके सुविधा ली जा सकती है। राजस्व अधिकारी या बैंक काम कर सकते हैं।

**कार्यालयीन समय में सेवा गायब:** आयुक्त भू-अभिलेख द्वारा पोर्टल से दिन के समय जमीनों के दस्तावेज गायब करने को लेकर भू-अभिलेख से जुड़े अधिकारी ने बताया कि भू-अभिलेख सेवा फिलहाल सिर्फ रात 8 से सुबह 6 बजे तक ही उपलब्ध है। हालांकि पोर्टल पर उपलब्ध ग्राहक सेवा नंबर से ज्ञात होता है कि भू-अभिलेख की सेवा कार्यालयीन दिवस में सुबह 10 से शाम 6 बजे तक ही उपलब्ध है। जबकि इस दौरान यह सेवा अनुपलब्ध रहती है। इसके पीछे की वजह यह बताई जा रही है कि प्रदेश में फॉर्मर रजिस्ट्री अभियान चल रहा है।

# मप्र की बिजली गुल करने रोज हो रहे साइबर हमले

**भोपाल।** मप्र के बिजली कंपनी के मुख्यालय से प्रदेश भर के लिए बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने वाले स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर के सिस्टम पर अचानक साइबर हमले बढ़ गए हैं। ऐसा भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के बाद हुआ है। हर दिन सौ से डेढ़ सौ बार साइबर हमले का प्रयास हुआ है। हालांकि सुरक्षा के लिए लगे फायरवाल हर हमले को रोक कर अलर्ट कर रहे हैं। बिजली कंपनी के अधिकारी हर हमले पर नजर रखे हुए हैं और इसकी जानकारी कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम समेत अन्य जांच एजेंसियों को भेज रहे हैं। बता दें कि प्रदेश में ग्रिड के जरिए वितरण कंपनियों को बिजली आपूर्ति के प्रबंधन का काम स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर करता है। कंपनी ने साइबर हमलों से बचने के लिए सुरक्षा के इंतजाम कर रखे हैं। कई तरह की फायरवाल लगाई गई हैं, ताकि कोई भी अवांछित बग सर्वर में प्रवेश न कर सके। यह ऑटोमैटिक संचालित किया जाता है। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के बाद अचानक हमले बढ़े हैं। अधिकारियों ने बताया कि पहले जहां दो-चार साइबर हमले होते थे।

# दिग्विजय आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भोपाल में दिखाएंगे फिल्म फुले

## जीतू पटवारी, उमंग सिंघार होंगे शामिल

भोपाल ■ निसं

एमपी के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले के जीवन और विचारों पर बनी फिल्म फुले की स्पेशल स्क्रीनिंग रखी है। इसका आयोजन 13 मई का भोपाल के डीबी मॉल स्थित सिनेप्लेक्स में किया जाएगा। दिग्विजय सिंह के अलावा पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित अन्य कांग्रेस नेता व पार्टी कार्यकर्ता यहां फिल्म देखेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को फुले के समतावादी विचारों और सामाजिक न्याय के संघर्ष से रूबरू कराना है। दिग्विजय सिंह की इस पहल को सामाजिक परिवर्तन के पुरोधा फुले को वर्तमान राजनीतिक संदर्भ में पुन: स्थापित करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। इस आयोजन को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है।



**फुले के जीवन संघर्षों पर बनी है यह फिल्म:** जनकारी के लिए बता दें कि कि यह फिल्म महात्मा फुले के जीवन संघर्ष, शिक्षा आंदोलन और जातिवादी व्यवस्था के खिलाफ उनके आंदोलन को प्रभावशाली ढंग से दर्शाती है। फिल्म में दिखाया गया है कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने किस तरह समाज के खिलाफ जाकर पहले अपनी पत्नी को पढ़ाया और फिर समाज की लड़कियों को पढ़ाना शुरू किया।

### फुले जैसे विचारकों को याद करना जरूरी

कार्यक्रम को लेकर दिग्विजय सिंह ने कहा कि महात्मा फुले ने उस दौर में समानता, शिक्षा और जातिविहीन समाज का सपना देखा था जब ऐसी बातें सोच पाना भी कठिन था। आज जब समाज में विभाजनकारी शक्तियां सक्रिय हैं, फुले जैसे विचारकों को याद करना और उनकी प्रेरणा लेना पहले से कहीं ज्यादा जरूरी है।

## कार्यकर्ताओं के समर्पण से विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी भाजपा

# ऑपरेशन सिंदूर के जरिए प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकियों को कड़ा संदेश दिया-डॉ मोहन यादव

भोपाल ■ निसं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को उज्जैन के आस्था गार्डन में उज्जैन नगर के नवनियुक्त मण्डल पदाधिकारियों के परिचय व स्वागत कार्यक्रम में शामिल होकर संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने करोड़ों कार्यकर्ताओं और सदस्यों के समर्पण से ही विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है और यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए सतत् प्रयत्नशील है। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त पदाधिकारीगणों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगठन की सुदृढ़ता और केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जनसेवा के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्य करें।



**अपने आपको साबित करें नवनियुक्त पदाधिकारी:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मैं आप सब कार्यकर्ताओं के बीच से ही निकलकर यहां तक पहुंचा हूं। जब भी आप लोगों से मिलता हूं, तो मेरे अंदर नई ऊर्जा का संचार होता है और इसीलिए बार-बार आप सभी से मिलने की इच्छा होती है। आप लोगों से मिलने वाली ऊर्जा से सराबोर होकर मैं उस जिम्मेदारी को निभाने का प्रयास करता हूं, जो आप लोगों ने मुझे सौंपी है। डॉ. यादव ने आज के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को भविष्य की भारतीय जनता पार्टी बताते हुए आशा जताई कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी अपने दायित्वों का निर्वाह पूरी निष्ठा से करेंगे और कर्तव्य पथ पर अपने-आपको साबित करेंगे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से भाजपा की कार्यपद्धति है, उसके अनुसार एक सामान्य कार्यकर्ता भी सर्वोच्च पद तक पहुंच सकता है। आपके बीच से भी अनेक लोग जिला और प्रदेश स्तर तक पहुंचेंगे तथा पार्टी का नेतृत्व करेंगे, यही भाजपा की पहचान है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पाक प्रेरित आतंकवादियों को खत्म करने में पूरा देश एकजुट रहा। तीनों सेनाओं ने पाक में बैठे आतंक के आकाओं को चुन-चुन कर मारा है। ऑपरेशन सिंदूर के जरिए प्रधानमंत्री जी ने आतंकियों को कड़ा संदेश दिया है। ऑपरेशन सिंदूर उन आतंकियों को भारतीय सेना का जवाब है, जिन्होंने पहलगाम हमले में हमारी बहनों के माथे से सिंदूर मिटा दिया था।

## निजी क्षेत्र के सहयोग से वन्यप्राणी संरक्षण करेगी सरकार

# बिगड़े वन सुधार नीति पर वनवासी संघ-आदिवासी संगठन पहले से नाराज

भोपाल ■ निसं

मध्य प्रदेश सरकार अब निजी क्षेत्र के सहयोग से वन्यप्राणियों का संरक्षण करेगी। इसके लिए वन विभाग ने नीति का प्रारूप तैयार कर लिया है, जो अनुमोदन के लिए कैबिनेट को भेजा है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए सीएसआर (कारपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी) के अंतर्गत अनुदान लेकर काम कराए जा सकेंगे। ऐसा तब किया जा रहा है, जब निजी क्षेत्र के सहयोग से बिगड़े वनों के सुधार की नीति का खुलकर विरोध हो रहा है।



वन विभाग द्वारा प्रदेश के बिगड़े वनों के सुधार के लिए दो माह पहले नीति लाई गई थी। इसके बाद आरएसएस से जुड़े वनवासी विकास संघ और अन्य आदिवासी संगठनों ने इसका विरोध किया था। इसको लेकर एक प्रतिनिधिमंडल ने सीएम डॉ. मोहन यादव से मुलाकात करके कहा था कि ऐसे में वनों का संरक्षण होने के बजाय नुकसान की स्थिति बनेगी। निजी क्षेत्रों के हस्तक्षेप के चलते वनों का ढांचा और भी गड़बड़ा जाएगा। इसलिए इस नीति पर काम नहीं करने के लिए कहा गया था।

## अनमोल वचन

प्रोध में मनुष्य अपने मन की बात नहीं कहता, वह केवल दूसरों का दिल दुखाना चाहता है।
**प्रेमचंद**

हमारी पहचान हमेशा हमारे द्वारा छोड़ी गई उपलब्धियों से होती है।
**अमरीकी कहावत**

## सम्पादकीय

# न्यायमूर्ति वर्मा- इस्तीफा या महाभियोग?

*देश की न्यायिक प्रणाली उस मोड़ पर खड़ी है, जहां नैतिकता, जवाबदेही और संवैधानिक मूल्यों की कसौटी पर हाईकोर्ट के एक वरिष्ठ न्यायाधीश का आचरण परखा जा रहा है। दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश यशवंत वर्मा के आवास पर भारी मात्रा में नकदी बरामद होने और उसके बाद शुरू हुई जांच ने न्यायपालिका की छवि पर गहरा असर डाला है। जब मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप कर उनसे इस्तीफा देने को कहा, तो यह स्पष्ट था, कि यह मामला सिर्फ कानूनी नहीं, नैतिक दृष्टि से न्यायपालिका के लिए गंभीर मामला है। न्यायमूर्ति वर्मा ने यह कहते हुए इस्तीफा देने से इनकार कर दिया कि यह उनके आत्मसम्मान के खिलाफ है। उनके खिलाफ साजिश रची गई है। यह बयान उस विश्वास को और चोट पहुंचाता है, जो देश की जनता न्यायपालिका पर भगवान के समान आस्था रखती है। जब आरोप इतने गंभीर हों, हाईकोर्ट के तीन मुख्य न्यायाधीशों की जांच समिति की रिपोर्ट भी आरोप की पुष्टि करे, तब यह तर्क कि यह साजिश है। एक जिम्मेदार संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के लिए अपर्याप्त कारण प्रतीत होता है। अब सवाल उठता है क्या न्यायमूर्ति वर्मा महाभियोग के जरिए हटाए जाएंगे, या अंतिम समय पर इस्तीफा देंगे? भारत का संविधान इस प्रक्रिया को स्पष्ट करता है। किसी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाना अत्यंत कठिन और दीर्घ कालीन प्रक्रिया है, जिसके लिए संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होती है। यह लोकतंत्र की मजबूती और न्यायपालिका की स्वायत्तता का प्रतीक है। ऐसे मामलों में यह प्रक्रिया विलंब का कारण भी बन जाती है। वहीं वर्तमान संदर्भ में दोषियों को संरक्षण देने का काम भी करती है। इस संकट के समय में हमें यह नहीं भूलना चाहिए, कि संविधान सर्वोपरि है। न्यायपालिका ही सर्वोच्च संस्था है जो संविधान के अनुसार गुण और दोष के आधार पर फैसला करती है। न्यायपालिका की सर्वोच्चता का अर्थ यह नहीं कि वह जवाबदेही से मुक्त है। एक न्यायाधीश का आचरण न केवल उसके पद के अनुरूप गरिमा तय करता है बल्कि पूरे न्यायिक तंत्र की विश्वसनीयता से जुड़ा हुआ होता है। आज देश की निगाहें इस घटनाक्रम पर हैं। अगर न्यायमूर्ति वर्मा स्वयं त्यागपत्र देकर उच्च नैतिक मानदंड स्थापित करते, तो यह एक उदाहरण बनता। यदि उन्होंने त्यागपत्र नहीं दिया, तो महाभियोग ही वह रास्ता है जो यह सिद्ध करेगा, भारत में कानून से ऊपर कोई नहीं है। भारत का संविधान इस प्रक्रिया को स्पष्ट करता है। किसी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाना अत्यंत कठिन और दीर्घ कालीन प्रक्रिया है, जिसके लिए संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होती है। यह लोकतंत्र की मजबूती और न्यायपालिका की स्वायत्तता का प्रतीक है। ऐसे मामलों में यह प्रक्रिया विलंब का कारण भी बन जाती है। वहीं वर्तमान संदर्भ में दोषियों को संरक्षण देने का काम भी करती है। इस संकट के समय में हमें यह नहीं भूलना चाहिए, कि संविधान सर्वोपरि है।यह अवसर है, न्यायपालिका के आत्ममंथन का, सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने न्यायपालिका की सर्वोच्चता को बरकरार रखने के लिए राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को कार्रवाई करने के लिए पत्र लिखा है। न्यायपालिका की जवाबदेही को मजबूत बनाए रखने के लिए संसद के पास यह मामला भेजा है। वह जज के मामले में उपयुक्त निर्णय लें। अगर न्याय के मंदिर को लेकर अविश्वास आ जाए, तो लोकतंत्र की नींव डगमगा सकती है। न्यायपालिका के प्रति आम नागरिकों की आस्था बनी रहे। विधायिका और कार्यपालिका के साथ-साथ न्यायपालिका भी अपना काम संविधान की भावना के अनुरूप आचरण करते हुये संविधान के नैतिक सिद्धांतों के आधार पर निर्णय करेंगे, तभी संविधान की रक्षा हो सकेगी। न्यायपालिका ने यह कार्यवाही कर साबित कर दिया है, न्यायपालिका की भी जवाबदेही संविधान के प्रति है। उसे भी संविधान के अनुसार अपने अधिकारों और कर्तव्यों के साथ कार्य करना होता है। न्यायाधीश यदि अपने पद और अधिकारों का दुरुपयोग करते हैं, तो वह भी दंडित होने के पात्र हैं। सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश 13 मई को सेवानिवृत होने जा रहे हैं। उसके पहले उन्होंने राष्ट्रपति को पत्र भेजकर अपने संवैधानिक दायित्व को पूरा किया है। उन्होंने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा पर उपयुक्त कार्यवाही करने के लिए लिखा है। निश्चित रूप से इससे न्यायपालिका की साख बनी रहेगी। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजों की सर्वोच्चता को बनाए रखने के लिए यह जरूरी था। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के जज संविधान के न्याय सिद्धांतों के आधार पर बिना किसी दबाव, बिना किसी भय और लालच के न्याय कर सकें। संविधान ने जो दायित्व न्यायपालिका को सोंपा है, उसके अनुसार नागरिकों के मूल अधिकारों को संरक्षित कर पाएंगे, यह आशा की जाती है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने यशवंत वर्मा द्वारा इस्तीफा नहीं दिए जाने पर, अब यह मामला संसद के ऊपर छोड़ दिया है। वह उपयुक्त निर्णय कर यदि महाभियोग के जरिये न्यायमूर्ति वर्मा को हटाया जाये। यह भारत की पहली घटना होगी, जिसमें किसी हाईकोर्ट के न्यायाधीश को महाभियोग के माध्यम से हटाया जाएगा। हो सकता है कि इसके पहले यशवंत वर्मा इस्तीफा देकर महाभियोग का सामना ना करें।*

## चिंतन-मनन

### श्रम रहित परिश्रम

महर्षि वेदव्यास किसी नगर से गुजर रहे थे। उन्होंने एक कीड़े को तेजी से भागते हुए देखा। मन में सवाल उठा- एक छोटा सा कीड़ा इतनी तेजी से क्यों भागा जा रहा है? उन्होंने कीड़े से पूछा- ऐ क्षुद्र जंतु! तुम इतनी तेजी से कहां जा रहे हो? कीड़ा बोला- हे महर्षि, आप तो इतने ज्ञानी हैं, यहां क्षुद्र कौन और महान कौन? क्या इनकी सही-सही परिभाषा संभव है? महर्षि सकपकाए। फिर सवाल किया- अच्छा बताओ कि तुम इतनी तेजी से कहां भागे जा रहे हो? इस पर कीड़े ने कहा-अरे! मैं तो अपनी जान बचाने के लिए भाग रहा हूं। देख नहीं रहे कि पीछे कितनी तेजी से बैलगाड़ी चली आ रही है। कीडे के उत्तर ने महर्षि को फिर चौंकाया। वह बोले- पर तुम तो इस कीट योनि में पड़े हो। यदि मर गए तो तुम्हें दूसरा और अच्छा शरीर मिलेगा। इस पर कीड़ा बोला- महर्षि! मैं तो कीड़े की योनि में रहकर कीड़े का आचरण कर रहा हूं, पर ऐसे प्राणी बहुत हैं जिन्हें विधाता ने शरीर तो मनुष्य का दिया है, पर वे मुझ कीड़े से भी गया-गुजरा आचरण कर रहे हैं। महर्षि उस नन्हे से जीव के कथन पर सोचते रहे, फिर उन्होंने उससे कहा- चलो, हम तुम्हारी सहायता कर देते हैं। कीड़े ने पूछा- किस तरह की सहायता? महर्षि बोले-तुम्हें उठाकर मैं आने वाली बैलगाड़ी से दूर पहुंचा देता हूं। इस पर कीड़े ने कहा- धन्यवाद! श्रम रहित पराश्रित जीवन विकास के सारे द्वार बंद कर देता है। मुझे स्वयं ही संघर्ष करने दीजिए। महर्षि को कोई जवाब न सूझा।

# भारतीय सेना के साहस को सलाम

*अपना देश और देश के प्रति समर्पण,की भावना है अमेरिका खुद ही अपनी तारीफ का पूल बांध रहा था तभी चीन ने पाकिस्तान को सपोर्ट कर दिया और पुनः पाकिस्तान को लगा, गेंद हमारे पाले में आ गया है और सीजफायर का उलंघन किया और जब पाकिस्तान को लगा सारा बेकार अस्त्र चीन से मिल रहें हैं जो मार गिराया जा रहा है तो बाद में थक कर सीजफायर को लागू करना पड़ा क्योंकि भारत का पाकिस्तान से नहीं वल्कि आतंकवादी से था।*

**संजय गोस्वामी**

ऑपरेशन सिंदूर 25 जो बीते कुछ दिनों पहले हुई उसमें किसी के साहस हिम्मत और शौर्य को सलाम किया जाए तो वो निश्चित रूप से भारतीय सेनाओं को जाता है जिंदगी और मौत को बीच किसी की नहीं बल्कि देश की परवाह की आप सब टीवी पर देख रहे थे लेकिन जरा सोचिये बॉर्डर पर 24घण्टा डटे रहना कितना मुश्किल होता है ना खाने की चिंता ना सोने की ना ही परिवार की चिंता उसे आप कुछ समय के लिए अपने ऊपर ले कर देखें तो मालूम होगा कितना कठिन टास्क होता है इसलिए पाकिस्तान को मुँह की खानी पड़ी और सीजफायर को तोड़ने के बाद भी के बादे भी पीछे ढकेला है तभी दोबारा सीजफायर पर बात बनी उनका शौक है बस तिरंगा, अपना देश और देश के प्रति समर्पण,की भावना है अमेरिका खुद ही अपनी तारीफ का पूल बांध रहा था तभी चीन ने पाकिस्तान को सपोर्ट कर दिया और पुनः पाकिस्तान को लगा, गेंद हमारे पाले में आ गया है और सीजफायर का उलंघन किया और जब पाकिस्तान को लगा सारा बेकार अस्त्र चीन से मिल रहें हैं जो मार गिराया जा रहा है तो बाद में थक कर सीजफायर को लागू करना पड़ा क्योंकि भारत का पाकिस्तान से नहीं वल्कि आतंकवादी से था जिन्होंने 9मई को 27से अधिक पर्यटक को बेरहमी से धर्म का झूठ फैलाकर हत्या कर दि अब ऐ सबाल आ रहा है कि भारत सरकार के सुरक्षा में चूक हुई लेकिन इजराइल पर जब हमास आतंकियों ने सैकड़ो लोगों से ज्यादा को क़त्ल कर दिया और 200को बंधक बना लिया जो 7अक्टूबर 23 में हुई लेकिन उसकी सबसे पावरफूल इंटेलीजेंन्सी मौसाद को भी खबर नहीं मिली देखिए इसमें होता क्या है आप किसी टूरिस्ट स्थान पर जा रहें हैं तो वहाँ मुश्किल से 2 -4 सुरक्षाकर्मी रहते हैं सब जगह कहाँ देखा होगा वो तो वहाँ के लोगों के विश्वास पर जाते हैं जिसकी अधिक जिम्मेदारी राज्य सरकार की होती है और जहाँ तक ऐ कहा जाता है मालूम था तो बताना चाहिए था सही नहीं कहा जा सकता है क्योंकि प्राइममिनिस्टर की हाई लेवल सुरक्षा रहती है और वो किसी कार्यक्रम के उद्देश्य से जाते हैं जरा सी चूक भारी पर सकती है और मान लीजिये बता दिया और आतंकवादी को पता चल गया तो वो सतर्क हो जायेंगे और आप ही कहेँगे रूइमर था गलत था अतः आतंकवादी भी अपनी पूरी ट्रैनिग से आते हैं और स्थानीय लोगों से बिना मिले ऐ संभव नहीं होता है जब क़ोई



उसको वहाँ टिकाया होगा तो ऐ देश के साथ गद्दारी है जम्मू काश्मीर भारत का अभिन्न अंग है फिर भी पता नहीं क्यों पाकिस्तान ने इसे भी अपना दावा करता है जो खुद ही काश्मीर के कुछ हिस्सों को कब्जे में लिए हुए है और पता नहीं क्यों अमेरिका भी बेबजह इसे मुद्दा बनाता आ रहा है यही सब गलतफहमी के कारण आतंकवादी को पैर पसारने का मौका मिल गया और पाकिस्तान की सेना व आईएसआई उसका पाल पोषण बड़े प्यार से करती आ रही है अतः ऑपरेशन सिंदूर भारत को ऐ भी सिखाया है कि अब उन सब पर रहम ना करो जो बुरे वक़्त में आतंकवादी का साथ देते हैं तुर्की जब वहाँ भारी भूकंप आया तो भारत ने सबसे पहले अपनी आपदा टीम को भेजी थी लेकिन उसने पाकिस्तान को ड्रोन और जंगी जहाज मुहैया कराया और अमेरिका ने पाकिस्तान को आई एफम विश्व बैंक से हजारों करोड़ का लोन भी दिला दिया जो दिवालिया था अतः अब भारत का सही में क़ोई दोस्त है तो रूस और इजराइल जो हमेशा भारत के साथ खड़ा नजर आता है चीन से तो क़ोई सामान खरीदना ही नहीं चाहिए भारत के पास था रूस का स्400 डिफेन्स सिस्टम जो बहुत से ड्रोन औऱ मिसायल को मार गिराया आज सब भारत के नए एयर डिफेंस सिस्टम स्400 की बात कर रहे है जिसने सीमा पर घनघोर युद्ध आरंभ होते ही दुश्मनो द्वारा दागी गई एक भी मिसाइल या ड्रोन को भारतीय सरजमीं पर गिरने से पहले ही अद्भुत तरीके से मार गिराया द्य इस सिस्टम ने जो कमाल कर दिखाया है उसको देख देख कर अगर आपको गर्व महसूस हो रहा है तो इस व्यक्ति को जी भर के याद करना और हमेशा अपने दिलो में बसाए रखना भारतीय सेना के साहस को सलाम के साथ पूर्व के रक्षा मंत्री को भी सलाम.

यही तो मां भारती का वो सपूत था द्य यही तो वो दूरदर्शी और हीरे को पहचानने की पारखी नजर रखने वाला जौहरी था जिसने रक्षा मंत्री रहते हुए सबसे पहले स्400 एयर डिफेंस सिस्टम की खूबियों को बखूबी पहचान लिया था और स्400 को भारत की रक्षा के लिए खरीदने की प्रक्रिया शुरू की थी

वक्त से पहले भारत का ये अनमोल नगीना हमसे बिछड़ गया द्य स्वर्गीय मनोहर पर्रिकर जी को ये कृतज्ञ देश भारत हमेशा याद रखेगा द्य कुछ लोग चले जाते है और फिर लौट के नहीं आते....पर देश के लिए ऐसा कर जाते हैं कि देश सदैव उनके प्रति कृतज्ञ रहता है।

सादर नमन ऐसे दूरदर्शी सोच के नेता के लिए जिन्होंने आगे आने वाले खतरे से देश को उत्तम एयर डिफेंस सिस्टम खरीदने की नींव रखी जिसने सरहद की रक्षा की है हालांकि भारत के डी आर डी ओ द्वारा बनाए गए एयर डिफेंस सिस्टम भी जो भारत द्वारा निर्मित थे वो भी कारगर साबित हुए इसमें कुछ मीडिया ने गलत सूचना या डिफेन्स के बिना जानकारी के सूचना दि वो सही नहीं है ऐ एक सामरिक प्रणाली है हमें इसके बारे में कभी पब्लिक में शेयर नहीं करते हैं जैसे किसी ने ब्रमोहस्थ मिसाईल की सूचना दि औऱ उसकी खासियत भी बता दि जिससे विरोधी देश अब उसकी तोड़ को निकालना चाहेगा, बस सिर्फ ताकत देखो और उसकी जानकारी सेना के प्रवक्ता पर छोड़ दीजिये कभी सेना के प्रवक्ता उसकी पूर्ण जानकारी साझा नहीं करेंगे ऐ सुपरसोनिक है या हायपरसोनिक इससे हमें क्या मतलब हम जंग में अपनी बहादुरी औऱ टेक्नोलॉजी दोनों का इस्तेमाल कर रहें हैं और हमारा लक्ष्य टारगेट को हिट किया बस इतना ही बताना चाहिए युद्ध में आजकल एक देश दूसरे देश पर फोस्फोरस बम का इस्तेमाल करते हैं लेकिन कभी बोलते नहीं है किस मिसायल की मारक क्षमता कितनी है इसे हम जानकारी साझा क्यों करें, अमेरिका केवल ट्वीट ही किया बीच में कूद पड़ा ऐ सही नहीं है भारत एक आत्मनिर्भर देश है और 140 करोड़ लोगों का शांतिपूर्ण देश है और कभी किसी देश की आत्मरक्षा को बनाए रखता है और मित्रता चाहता है पहले जो 2008 में मुंबई में आतंकी हमले हुए वो तो कितनों का जान ले लिया और इसकी रूपरेखा 6महीने पहले से ताज होटल में बारूद रखें गए उस समय पाकिस्तान का पूरा हाथ था लेकिन उस समय केवल डोसीयर सौंप कर ही अपने घुटने टेक दिए।

# सत्य, भक्ति और संवाद के अग्रदूत देवर्षि नारद

*संवाद के माध्यम से वे तोड़ने का नहीं बल्कि जोड़ने का कार्य करते हैं और पत्रकारिता के प्रथम पितृ पुरूष हैं। देवताओं के ऋषि होने के साथ-साथ वे ब्रह्मण्ड के प्रथम दिव्य पत्रकार के रूप में लोकमंडल के संवाददाता हैं। उन्हें देवताओं का दिव्य दूत और संचार का अग्रणी साधक माना गया है। उन्हें ब्रह्मण्ड का पहला ऐसा संदेशवाहक अर्थात् पत्रकार माना जाता है, जो एक लोक से दूसरे लोक की परिक्रमा करते हुए सूचनाओं का आदान-प्रदान किया करते थे।*

**योगेश कुमार गोयल**

नारद मुनि की छवि को एक चुगलखोर अर्थात् इधर की उधर करने वाले और आपस में भिड़ाकर क्लेश कराने वाले पौराणिक चरित्र के रूप में गढ़ दिया गया है लेकिन वास्तव में उनका प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक भक्त की पुकार भगवान तक पहुंचाना ही परिलक्षित होता रहा है। वे एक लोक से दूसरे लोक में भ्रमण करते हुए संवाद-संकलन का कार्य कर एक सक्रिय एवं सार्थक संवाददाता की भूमिका निभाते रहे हैं। संवाद के माध्यम से वे तोड़ने का नहीं बल्कि जोड़ने का कार्य करते हैं और पत्रकारिता के प्रथम पितृ पुरूष हैं। देवताओं के ऋषि होने के साथ-साथ वे ब्रह्माण्ड के प्रथम दिव्य पत्रकार के रूप में लोकमंडल के संवाददाता हैं। उन्हें देवताओं का दिव्य दूत और संचार का अग्रणी साधक माना गया है। उन्हें ब्रह्माण्ड का पहला ऐसा संदेशवाहक अर्थात् पत्रकार माना जाता है, जो एक लोक से दूसरे लोक की परिक्रमा करते हुए सूचनाओं का आदान-प्रदान किया करते थे।



मान्यता है कि देवर्षि नारद का जन्म ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा के दिन हुआ था। इसीलिए प्रतिवर्ष इसी दिन नारद जयंती मनाई जाती है, जो इस वर्ष 13 मई को मनाई जा रही है। इस दिन भगवान विष्णु तथा माता लक्ष्मी का पूजन करने के पश्चात् देवर्षि नारद की पूजा की जाती है। अपनी वीणा की मधुर तान से भगवान विष्णु का गुणगान करने और अपने श्रीमुख से सदैव नारायण-नारायण का जप करते हुए विचरण करने वाले नारद को महर्षि व्यास, महर्षि वाल्मीकि तथा महाज्ञानी शुकदेव का गुरू माना जाता है। कुछ शास्त्रों में नारद मुनि को त्रिकालदर्शी और विष्णु का अवतार भी माना गया है। श्रीमद्भागवद्पुराण के अनुसार सृष्टि में भगवान विष्णु ने देवर्षि नारद के रूप में तीसरा अवतार ग्रहण किया है। कुछ स्थानों पर उनका वर्णन बृहस्पति के शिष्य के रूप में भी मिलता है।

धार्मिक पुराणों के अनुसार अनेक कलाओं तथा विद्याओं में निपुण देवर्षि नारद को संगीत की शिक्षा ब्रह्माजी ने स्वयं दी थी और भगवान विष्णु ने उन्हें माया के विविध रूप समझाए थे। मान्यता है कि देवर्षि नारद ने ही भक्त प्रह्लाद, भक्त अम्बरीष, भक्त ध्रुव इत्यादि भगवान विष्णु के कई परम भक्तों को उपदेश देकर उन्हें भक्ति मार्ग में प्रवृत्त किया था। उन्होंने ही भृगु कन्या लक्ष्मी का विवाह भगवान विष्णु के साथ कराया। देवराज इन्द्र को समझा-बुझाकर देव नर्तकी उर्वशी का पुरुरवा के साथ परिणय सूत्र कराया। इसके अलावा वे कई अत्याचारी महाराक्षसों द्वारा जनता के उत्पीड़न का वृत्तांत भगवान तक पहुंचाकर उनके विनाश का माध्यम भी बने। महर्षि वाल्मीकि को रामायण की रचना करने के लिए प्रेरित किया। यही कारण है कि समस्त युगों, कालों, विधाओं और वर्गों में सम्मान के पात्र रहे नारद जी को सभी लोकों के समाचारों की जानकारी रखने वाले कवि, मेधावी नीतिज्ञ तथा एक प्रभावशाली वक्ता के रूप में स्मरण किया जाता है।

जन-जन के हितकारी देवर्षि नारद किस प्रकार धरती पर विभिन्न प्राणियों को दुखी देखकर स्वयं भी दुखी हो जाया करते थे, इसका उल्लेख भी एक पौराणिक कथा में मिलता है। कथानुसार, एक बार देवर्षि नारद ने बैकुंठधाम जाकर भगवान विष्णु से निवेदन किया कि वे पृथ्वी पर लोगों को दुखी देखकर खुद बहुत दुखी हैं क्योंकि वहां धर्म के रास्ते पर चलने वाले लोगों का नहीं बल्कि गलत कार्य करने वालों का ही भला होता है। भगवान विष्णु ने कहा कि हे नारद! ऐसा नहीं है और जो कुछ भी हो रहा है, सब नियति के जरिये ही हो रहा है। उन्होंने पूछा कि आखिर ऐसा आपने क्या देख लिया, जिसके आधार पर आप यह कह रहे हैं? तब देवर्षि ने कहा कि उन्होंने जंगल में दलदली जमीन में फंसी एक गाय देखी। एक चोर वहां आया और गाय को दलदल में फंसी देखकर भी उसकी कोई मदद करने के बजाय वह उसी पर चढ़कर दलदल लांघकर निकल गया, जिसे आगे जाकर सोने की मोहरों से भरी एक थैली मिली। कुछ पलों बाद वहां एक वृद्ध साधु आए, जिन्होंने काफी प्रयासों के बाद गाय को दलदल से बाहर निकाल दिया लेकिन थोड़ा आगे जाने पर वही साधु एक गहरे गड्ढ़े में गिरकर घायल हो गए। आखिर यह कौनसा न्याय है? देवर्षि की बातें सुनने के पश्चात् भगवान विष्णु ने कहा कि जो चोर गाय पर चढ़कर भाग गया था, उसकी किस्मत में तो एक बड़ा खजाना था लेकिन उसके इस पाप के कारण उसे केवल कुछ ही मोहरें मिली जबकि साधु को गड्ढ़े में इसलिए गिरना पड़ा क्योंकि उनके भाग्य में मृत्यु लिखी थी लेकिन गाय को बचाने के कारण उनके पुण्य बढ़ गए और उनकी मृत्यु एक छोटी सी चोट में बदल गई। भगवान विष्णु ने उन्हें समझाते हुए कहा कि किसी भी इंसान के कर्म से ही उसका भाग्य तय होता है।

सद्गुणों के अथाह भंडार और समस्त शास्त्रों में प्रवीण देवर्षि नारद को शास्त्रों में मन का ऐसा भगवान कहा गया है, जो किसी भी होनी-अनहोनी को समय रहते पहचान लेते हैं। उन्हें वेदों और उपनिषदों का मर्मज्ञ, न्याय तथा धर्म का तत्वज्ञ, शास्त्रों का प्रकांड विद्वान, इतिहास व पुराण विशेषज्ञ, औषधि ज्ञाता, योगनिष्ठ, ज्योतिष एवं संगीत विशारद, भक्ति रस का प्रमुख तथा अतीत की बातों को जानने वाला माना गया है।

## फिसल रही सत्ता की लगाम: भारी पड़ रहा युद्ध विराम..!

***ओमप्रकाश मेहता***

*'सिंदूर' वैसे तो सुहाग का प्रतीक है, किंतु मौजूदा राजनीतिक संदर्भों में 'सिंदूर' के संदर्भ बदल गए है, आज यह किसी के लिए सौभाग्य बन रहा है तो किसी के लिए दुर्भाग्य भारत-पाक के मौजूदा राजनीतिक संदर्भ में इसका महत्व बढ़ गया है, आज यह किसी की मांग से गायब होकर उसके लिए दुर्भाग्य बन रहा है तो किसी के लिए सौभाग्य। जी हां, आज सिंदूर पर विशेष चर्चा का कारण भारत-पाक के बीच मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रम है, जो युद्ध का रूप धारण कर चुका है, पाक में यह विशेष चर्चा विषय इसलिए बन गया है क्योंकि पाक के जन्म के बाद से ही वहां की वास्तविक शासक सेना ही रही है। राजनीतिक हस्तियों ने सेना का मोहरा बनकर ही वहां काम किया है और आज भी वहां यही परिपाटी जारी है, और यही परिपाटी जारी है, और हर मुखौटे ने वहां सेना के इंशारे पर ही काम किया है। वहां आज भी यही हो रहा है, मौजूदा हालातों में जब वहां के सत्ता प्रमुख प्रधानमंत्री ने युद्ध विराम स्वीकार किया तो वहां के सेना प्रमुख ने उसे अस्वीकार करते हुए युद्ध की शुरूआत कर दी। इन हालातों में पाकिस्तान का इतिहास गवाह है कि वहां सत्ता परिवर्तन सन्नीकट है तथा कभी भी सत्तारूढ़ शरीफ कुनबे को दरकिनार कर वहां की सेना अपने पसंदीदा बिलावल को सत्ता सौंप सकती है। मौजूदा हालातों में पाक के सेना प्रमुख मुनीर सत्ता का खेल-खेल रहे है और शरीफ कुनबे को सत्ता से बाहर कर सकते है, भुट्टों खानदान के बिलावल इन दिनों सेना के काफी निकट है और वहां की सेना कभी भी अपनी पसंद के शख्स को सत्ता सौंप सकती है अर्थात् कुल मिलाकर पाकिस्तान में सत्ता परिवर्तन काफी निकट माना जा रहा है। आज की वास्तविकता यही है कि युद्ध विराम के बाद वहां नए राजनीतिक समीकरण सामने आने लगे है। मौजूदा हालातों का लाभ उठाकर सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने अब सत्ता के साथ खेल शुरू कर दिया है और शरीफ कुनबे ने कठपुतली की भूमिका अदा की। पाक के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और उनके बड़े भाई पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को सीज़ फायर के निर्णय में साथ ही नही लिया गया और इस घटनाक्रम के बीच पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टों की पार्टी पीपीजी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टों का सियासी बद और बढ़ गया है, सिंधु समझौता रद्द होने के बाद उन्होंने सिंध में बड़ी रैलियां आयोजित की, जिसके माध्यम से वे फिर राजनीति की सुर्खियों में आ गए। वे इस कदम के माध्यम से सत्ता के शीर्ष तक पहुंच सकते है और वे इस तरह सेना प्रमुख मुनीर की पसंद बन सकते है। इस तरह मौजूदा हालात पाक के लिए काफी मायने रखते है। वैसे मौजदूा घटनाक्रमों की वजह से डिप्लोमैसी में पाकिस्तान का कद काफी घट गया है, पाकिस्तान ने चीन व तुर्कीए के साथ मानकर भारत के साथ सामना करने का जो दम भरा था, तुर्कीए और चीन ने पाकिस्तान को सैन्य साज-ओ-सामान भी दिया, लेकिन अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान के लिए डिप्लोमेटिक साथ नही जुटा पाया, अब अमेरिका सहित, फ्रांस, ब्रिटैन, इटली और जर्मनी जैसे बड़े देशों में भारत का खुलकर समर्थन जाहिर हो रहा है। लेकिन पाक को अपने ही मुस्लिम देशों के संगठन ओआईसी का भी समर्थन नहीं मिल पा रहा है और आज मुस्लिम सउदी अरब और ईरान जैसे देशों का भारत को समर्थन मिल रहा है। जबकि पाक को इन देशों से समर्थन की उम्मीद थी। इस प्रकार कुल मिलाकर स्थिति विकट है, पाक के लिए।*

## खास बात

### घर लौटने नहीं दे रहा अनचाहा खतरा

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के उपरांत पहली बार भारत-पाकिस्तान सीमा पर शांति देखने को मिल रही है। शनिवार को हुए सीजफायर समझौते के बाद सोमवार तक सीमा से लगे गांव में लोग अपने घरों को लौटे नहीं हैं। बताया जा रहा है कि 19 दिनों बाद पहली बार शनिवार और रविवार रात सीमा पर पूरी तरह सन्नाटा और शांति रही, लेकिन हमले का असर सीमावर्ती गांवों में रहने वाले लोगों की मनःस्थिति पर अब भी साफ देखा जा सकता है, लोग अपने घरों को लौटने से कतरा रहे हैं। दरअसल कश्मीर के उरी सेक्टर में स्थित गांवों के लोगों को हालिया हमलों के बाद सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया गया था। रविवार को जब वे घर वापसी की तैयारी में थे, पुलिस ने भी खुद ही उन्हें रोक दिया। बताया गया कि उनके गांवों के आसपास धमाके का खतरा अभी भी बना हुआ है, क्योंकि कई बम और गोला-बारूद निष्क्रिय नहीं किए जा सके हैं। हमलों के बाद उत्पन्न हुआ यह खतरा भी ग्रामीण लोगों की जिंदगी में बुरा असर डाल रहा है। इन्हें इन सब से कब छुटकारा मिलेगा कहा नहीं जा सकता है।

### रहीम यार खान एयरबेस की तबाही से आशय

भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर होने के बाद यह बतलाया जा रहा है कि किसने किसका कितना नुक्सान किया। इसी कड़ी में बताया गया कि भारत द्वारा पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 7 मई को लॉन्च किए गए ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान का रहीम यार खान एयरबेस बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ है। यही कारण है कि पाकिस्तान ने इसे 8 दिन के लिए नॉन-ऑपरेशनल घोषित कर दिया है और इस पर वर्क इन प्रोग्रेस का बोर्ड भी लगा दिया गया है। दरअसल यहां भारत की जवाबी कार्रवाई में एयरबेस के रनवे पर बड़ा गड्ढा बन गया, जिसकी सैटेलाइट तस्वीरों और वीडियो फुटेज जारी करते हुए पुष्टि भी की गई है। इस पर जानकार कहते हैं कि यदि वाकई रहीम यार खान एयरबेस तबाह हो जाता तो दुनियां के सामने एक बड़ा संकट पैदा हो चुका होता। दरअसल सूत्रों के हवाले से बताया गया कि यह वही स्थल है, जहां परमाणु शक्ति संपन्न असला जमा करके रखा गया है और इस कारण यह पाकिस्तान के लिए भी खासा महत्व रखता है। सच्चाई क्या है आधिकारिक तौर पर अभी तक कुछ कहा नहीं जा सका है। पर यह सच है कि सैन्य कार्रवाई या युद्ध विभीषिका की तस्वीरें देने के सिवा कुछ और दे नहीं सकते।

### एक झटके में 26 साल के आतंक का बदला सो सुनार की, एक लोहार की

1999 में नेपाल से भारतीय विमान का अपहरण हुआ था। इस विमान को कंधार ले जाया गया था। उसके बाद से आतंकी हमले भारत में लगातार बढ़ते चले गए। पिछले 26 साल में आतंकी घटनाओं में सैकड़ो लोग मारे गए। भारत हर बार छोटी-मोटी कार्रवाई करके आतंक को खत्म करने की चेष्टा करता था। पाकिस्तान और उसके आतंकी बाज नहीं आ रहे थे। ऑपरेशन सिंदूर ने एक ही झटके में 26 साल के आतंक का बदला ले लिया। 9 आतंकी ठिकानों को भारतीय सेना ने नष्ट कर दिया। पाकिस्तान में जो सैकड़ो आतंकवादी थे। वह एक ही हमले में अल्लाह मियां को प्यारे हो गए। आतंकवादियों द्वारा सुनार की तरह जो ठुकठुक की जा रही थी। भारत के सिंदूर ऑपरेशन ने लोहार की तरह हथौड़े का एक बार किया।

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथि प्रतिपदा, मंगलवासरे, विशाखा नक्षत्रे, वल योग, वालव करणे, वृश्चिक की चंद्रमा, उपकर्म, सूती स्नान, तथापि उत्तर दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

**आज जन्म लिए बालक का फल.......**

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, कुशल वक्ता, अधिवक्ता, शासक-प्रशासक, उत्तम वृत्ति वाला, योगी-भोगी, लेखक-कवि, राजनीत में पटु तथा पार्टी संगठक, नेता, जनपद सदस्य, अध्यक्ष होगा।

**मेष राशि**- भाग्य का सितारा साथ देगा, बिगड़े कार्य बनेंगे, कार्य योजना अवश्य बनेगी।

**वृष राशि**- नवीन कार्य योजना सफल हो, संवेदनशील होने से बचिये, समय पर ध्यान दें।

**मिथुन राशि**- स्त्री वर्ग से हर्ष, कुछ चिन्ता, व्यवसायिक अवरोध, कष्ट अवश्य होगा।

**कर्क राशि**- व्यग्रता, मन में उद्विघ्नता एवं कार्यगति अनुकूल बनी ही रहेगी।

**सिंह राशि**- साधन सम्पन्नता के योग बनेंगे, दैनिक व्यवसाय गति अनुकूल बनी ही रहेगी।

**कन्या राशि**- विरोधी परेशान करें, व्यर्थ धन का व्यय, असमंजस व अस्थिति बनी ही रहेगी।

**तुला राशि**- कार्य व्यवसाय में बाधा तथा तनाव-क्लेश से आप बचने का प्रयास करें।

**वृश्चिक राशि**- चिन्ता बनी ही रहेगी, कुटुम्ब की समस्याओं को समझदारी से सुलझाएं।

**धनु राशि**- बिगड़े हुए कार्य बनेंगे, आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा, सहयोग मिलेगा।

**मकर राशि**- परिश्रम विफल हो, चिन्ता व यात्रा, व्यग्रता तथा स्वास्थ्य नरम होगा।


**कुंभ राशि**- स्वास्थ्य नरम रहेगा एवं कहीं तनावपूर्ण स्थिति कष्टप्रद होगी। ध्यान दें।

**मीन राशि**- दूसरों के कार्यों में समय तथा धन नष्ट न करें, समय स्थिति का ध्यान रखें।

**पीएल गौतमाचार्य**

## दैनिक पंचांग

**13 मई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**



| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 05.30 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | मिथुन | 07.28 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 09.41 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 11.57 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 14.09 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 16.20 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 18.35 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 20.51 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 22.56 बजे से |
| | | कुंभ | 00.42 बजे से |
| | | मीन | 02.15 बजे से |
| | | मेष | 03.46 बजे से |

**राहुकाल** 3.00 से 4.30 बजे तक

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 133 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946 **मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** प्रतिपदा 00.36 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** विशाखा 09.09 बजे को समाप्त। **योग** वरीयान 05.53 बजे को समाप्त। **करण** बालव 11.33 बजे तदनन्तर कौलव 00.36 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 15.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 18° 24' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872343 **जूलियन दिन** 2460808.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** जिल्काद **तारीख** 14 **विशेष** नारद जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ**- **शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता में महत्वपूर्ण प्रगति, व्यापार घाटा कम करने पर बनी सहमति

**जेनेवा।** अमेरिका और चीन के बीच चल रहे व्यापार युद्ध को कम करने की दिशा में दो दिवसीय वार्ता के बाद 'महत्वपूर्ण प्रगति' हुई है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने रविवार को यह जानकारी दी। हालांकि, उन्होंने समझौते का ब्योरा साझा नहीं किया और कहा कि इसकी घोषणा सोमवार को की जाएगी। उन्होंने यह जरूर कहा कि दोनों देशों के बीच लगाए गए अत्यधिक टैरिफ को कम करने की जरूरत है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया कि इस दिशा में कोई समझौता हुआ की नहीं। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रियर ने इस वार्ता को एक सफल और व्यावहारिक समझौता बताया, जो अमेरिका के 1.2 ट्रिलियन डॉलर के वैश्विक व्यापार घाटे को कम करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा, दो दिन की बातचीत बेहद रचनात्मक रही। यह इस बात का संकेत है कि अमेरिका और चीन के बीच मतभेद उतने गंभीर नहीं थे जितना अनुमान लगाया गया था। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि चीनी वार्ताकार बेहद कठिन सौदाबाज थे। ग्रियर ने चीन के उप प्रधानमंत्री हे लिफेंग और दो अन्य चीनी उप मंत्रियों के साथ इस वार्ता में भाग लिया था। व्हाइट हाउस के आर्थिक सलाहकार केविन हैसेट ने भी कहा कि चीन अमेरिका के साथ व्यापार संतुलन बहाल करने को लेकर बेहद इच्छुक है।

### तिब्बत में भूकंप से हिली धरती, उप्र और बिहार के सीमावर्ती क्षेत्र में महसूस किए गए झटके

**ल्हासा।** तिब्बत में तड़के भूकंप के तेज झटकों ने सो रहे लोगों को हिलाकर रख दिया। तिब्बत में रिक्टर स्केल पर 5.7 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। इसका असर भारत के उत्तर प्रदेश और बिहार के सीमावर्ती इलाकों तक महसूस किया गया। झटके महसूस होते ही यहां के लोग दहशत में अपने घरों से बाहर निकल आए। भारत के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, भूकंप का केंद्र 29.02ए उत्तरी अक्षांश और 87.48ए पूर्वी देशांतर पर स्थित था और इसकी गहराई जमीन पर करीब 10 किलोमीटर थी। यह इलाका हिमालयी भूगर्भीय क्षेत्र में आता है। भूकंप लिए क्षेत्र को अत्यधिक संवेदनशील माना जाता है। यहां अकसर भूकंप के झटके महसूस किए जाते हैं। बताया गया है कि उत्तर प्रदेश और बिहार के सीमावर्ती जिलों में अचानक आए झटकों से लोग नींद से जाग गए और आनन-फानन में घर छोड़कर बाहर आ गए। सोशल मीडिया पर कई लोगों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि किस तरह भूकंप के झटकों ने उन्हें डराया। फिलहाल राहत की बात यह है कि इस भूकंप से किसी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र और स्थानीय प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए सतर्कता बरती जा रही है।

### अमेरिका में चारमंजिला अपार्टमेंट में आग लगने से चार की मौत

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के विस्कॉन्सिन प्रांत के मिल्वौकी में रविवार को एक चारमंजिला अपार्टमेंट में आग लगने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और चार अन्य झुलस हो गए। मिल्वौकी फायर चीफ आरोन लिप्स्की के अनुसार ने इसकी पुष्टि की। यूएस टुडे अखबार की खबर के अनुसार, स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 7:45 बजे शहर के पश्चिमी हिस्से में स्थित चारमंजिला अपार्टमेंट में सबसे पहले बचावकर्मी पहुंचे। लगभग 22 दमकल गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। लिप्स्की ने बताया कि लगभग 30 लोगों को सीढ़ियों से बचाया गया या दमकलकर्मियों ने उन्हें बाहर निकाला। आग लगने की सूचना देने वाले ने यह आशंका जताई थी कि कुछ लोग दूसरी मंजिल से कूद भी गए हैं। लिप्स्की ने कहा कि आग इमारत के एक सार्वजनिक क्षेत्र में लगी थी। यह धीरे-धीरे सारे अपार्टमेंट में फैल गई। मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है।चार अन्य की हालत गंभीर है। यह इमारत 1968 में बनी थी।

### कर्नाटक कांग्रेस ने कश्मीर को पाक के नक्शे के साथ जोड़ा, विवादित पोस्ट किया डिलीट

**बेंगलुरू।** कर्नाटक कांग्रेस ने अपने एक्स हैंडल पर सोमवार को एक बड़ी गलती कर दी, जिसके बाद से वह विवादों में है। पार्टी ने कश्मीर को पाकिस्तान के नक्शे के साथ जोड़ दिया। गलती का एहसास होने पर कांग्रेस ने पोस्ट को डिलीट भी कर दिया। दरअसल, इस पोस्ट का उद्देश्य पाकिस्तान को दिए गए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के लोन की आलोचना करना था, लेकिन पाकिस्तान का गलत नक्शा लगाने से पार्टी की आलोचना शुरू हो गई है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार ने इस गलती के लिये पार्टी की सोशल मीडिया टीम की खिंचाई की है। बताया जा रहा है कि सोशल मीडिया टीम में कुछ लोगों की लापरवाही और नासमझी की वजह से ये गलती हुई। कांग्रेस ने इस पोस्ट को तुरन्त हटा दिया है। साथ ही उन लोगों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।



# हरिद्वार में हर की पैड़ी पर बुद्ध पूर्णिमा पर्व पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब

**हरिद्वार ■ एजेंसी**

उत्तराखंड के हरिद्वार में सोमवार को बुद्धपूर्णिमा के पावन पर्व पर मां गंगा में श्रद्धा-आस्था की डुबकी लगाने को लाखों श्रद्धालुओं की भीड उमड़ पड़ी। हर की पैड़ी स्थित पवित्र ब्रह्म कुंड सहित सभी प्रमुख घाटों विष्णु घाट, गऊघाट, सुभाष घाट,कुशावर्त घाट, हनुमान घाट आदि पर ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धालु स्नान करने पहुंचने लगे थे।

देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालुओं ने स्नान के साथ-साथ मां गंगा का पूजन कर मंदिरों में दर्शन किए और दान पुण्य किया। घाटों पर भजन कीर्तन व अन्य धार्मिक आयोजनों से आध्यात्मिक वातावरण की छटा चारों ओर दिखाई दी। मान्यता है कि आज के दिन भगवान विष्णु मां गंगा में वास करते हैं। आज ही भगवान नारायण के अवतारों में से नवम अवतार बुद्धावतार का दिन है।वैशाख में शुक्ल पक्ष की पूर्णमासी के दिन भगवान बुद्ध इस धरती पर अवतरित हुए थे। आज ही उनको बुद्धत्व यानी ज्ञान की प्राप्ति हुई और आज ही के दिन उनका शरीर पूर्ण हुआ। इस पवित्र अवसर का लाभ उठाने देश के कोने कोने से लोग आए हुए हैं। भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह चक चौबंद था। बीती रात से ही ट्रैफिक प्लान लागू कर दिया गया था। पुलिस वह अन्य सुरक्षा बल मुस्तैदी से चप्पे चप्पे की निगरानी कर रहे हैं। आला पुलिस अधिकारी सवेरे से ही हरि की पौड़ी और कंट्रोल रूम में मौजूद रहकर सभी व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं।

### सीएम ने यूपी में असामाजिक तत्वों को पूरी तरह से नेस्तनाबूद कर दिया

# आतंक की कमर तोड़ने का योगी मॉडल पूरे देश में छाया, कई राज्यों ने अपनाया

**एटीएस ने आतंकवादियों को पनाह और गोपनीय सूचनाएं देने वाले प्रदेश में एक्टिव 131 स्लीपिंग मॉड्यूल को किया अरेस्ट**



**लखनऊ ■ एजेंसी**

पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश में न केवल अपराधियों की कमर तोड़कर रख दी गई है, बल्कि प्रदेश में आतंकवादी संगठनों के स्लीपिंग मॉड्यूल (सहयोगी) और असामाजिक तत्वों को पूरी तरह से नेस्तनाबूद कर दिया है। इस दौरान न सिर्फ आतंकियों के नेटवर्क को ध्वस्त किया, बल्कि टेरर फंडिंग, धार्मिक उन्माद, फर्जी दस्तावेज, विदेशी घुसपैठ पर करारा प्रहार किया गया है। सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का ही असर है कि आज उत्तर प्रदेश आतंकियों की पनाहगाह नहीं, बल्कि उनके खात्मे का मैदान बन चुका है। इसे योगी माडल नाम दिया गया है, जिसे अब अपराधियों की कमर तोड़ने के लिए अन्य राज्य भी अपना रहे हैं।

भाजपा की योगी आदित्यनाथ सरकार के समय में पिछले आठ वर्षों में जहां एक ओर 230 दुर्दांत अपराधियों को मुठभेड़ में ढेर किया। वहीं दूसरी ओर आतंकवादी संगठनों के 142 स्लीपिंग मॉड्यूल को अरेस्ट किया है। इनमें प्रदेश में एक्टिव 131 स्लीपिंग मॉड्यूल आतंकवादी संगठनों को पनाह देने के साथ गोपनीय सूचनाएं पहुंचाते थे, जबकि एक आतंकवादी को मुठभेड़ में मार गिराया गया। आतंकवादी संगठनों को टेरर फंडिंग करने वाले 11 स्लीपिंग मॉड्यूल को अरेस्ट कर सलाखों के पीछे भेज दिया गया है।

राज्य पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने आतंकवादी संगठनों के जिन स्लीपिंग मॉड्यूल को अरेस्ट किया गया, वह आईएसआईएस, एक्यूआईएस, जेएमबी, एबीटी, एलईटी, जेईएम, एचएम, आईएम-एसआईएमआई, नक्सल, पीएफआई, आईएसआई जैसे संगठनों से ताल्लुक रखते थे। एटीएस ने संगठित आतंकवादी नेटवर्क को जड़ से उखाड़ने में किस तरह काम किया। इसके साथ ही एटीएस ने टेरर फंडिंग के खिलाफ भी पूरी ताकत से एक्शन लिया। आतंकवादी संगठनों को टेरर फंडिंग करने वाले 11 स्लीपिंग मॉड्यूल को गिरफ्तार किया गया। इसके अतिरिक्त भारतीय जाली मुद्रा के मामलों में 41 गिरफ्तारियां की गयी और 47.03 लाख रुपये की नकली मुद्रा बरामद की गई है।

#### धर्मांतरण पर किया करारा प्रहार

अयोध्या में राम मंदिर को लेकर धार्मिक उन्माद फैलाने या सड़क-जुलूस की साजिश में लिप्त अभियुक्तों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई ।प्रदेश में गैरकानूनी तरीके से रह रहे रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिकों पर भी एटीएस की पैनी नजर रही। इस अवधि में 173 ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया गया। धर्मांतरण से जुड़े सिंडिकेट पर भी करारा वार कर 20 से अधिक अभियुक्तों को अरेस्ट किया गया। एटीएस ने साइबर फ्रॉड गतिविधियों में लिप्त गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 19 आरोपियों को गिरफ्तार जेल भेजा, इनमें चार चाइनीज आरोपी भी शामिल हैं।

### विदेश मंत्री जयशंकर ने की आस्ट्रेलियाई समकक्ष से बात, कहा- आतंक के खिलाफ हो 'जीरो टॉलरेंस'



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने सोमवार को अपनी ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग से बातचीत की। उन्होंने हालिया घटनाक्रम के साथ आतंक के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति के महत्व को रेखांकित किया। विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने पेनी वोंग को दोबारा विदेश मंत्री बनने पर शुभकामनाएं दी और पाकिस्तान के साथ संघर्ष से जुड़े हालिया घटनाक्रम की जानकारी दी। उन्होंने इस बात के महत्व को रेखांकित किया कि आतंक के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति होनी चाहिए। विदेश मंत्री ने इस दौरान भारत ऑस्ट्रेलिया 'दोस्ती' का उल्लेख किया और इस बहुआयामी संबंध को और अधिक प्रगाढ़ करने की अपनी रुचि जाहिर की।

# राजस्थान के बॉर्डर इलाकों में सतर्कता बढ़ी, स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी, एयरपोर्ट फिर से शुरू



**जयपुर ■ एजेंसी**

राजस्थान के सीमावर्ती इलाकों में पूरी तरह सतर्कता बरती जा रही है। श्रीगंगानगर जिले और उसके चार उपखंडों में बॉर्डर से सटे तीन किलोमीटर क्षेत्र में कड़े प्रतिबंध लागू कर दिए गए हैं। अब शाम सात बजे से सुबह छह बजे तक इस क्षेत्र में लोगों की आवाजाही पूरी तरह बंद रहेगी। खेती के काम के लिए भी अधिकारियों से विशेष अनुमति लेनी होगी। टॉर्च या गाड़ियों की हेडलाइट का इस्तेमाल भी प्रतिबंधित किया गया है। जिला कलेक्टर डा.मंजू के मुताबिक जिले भर में चौकसी के आदेश दिए गए हैं।

उधर जयपुर स्थित सवाई मानसिंह (एसएमएस) स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सोमवार सुबह खेल परिषद के आधिकारिक ईमेल पर एक मेल आया, जिसमें लिखा था कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब स्टेडियम को बम से उड़ाया जाएगा। जैसे ही यह मेल कर्मचारियों ने देखा, उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

मौके पर क्यूआरटी, बम निरोधक दस्ता और अन्य सुरक्षा एजेंसियां पहुंचीं और पूरे स्टेडियम की गहन तलाशी ली गई । सुरक्षा के मद्देनजर स्टेडियम को फिलहाल सील कर दिया गया है।

बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर और श्रीगंगानगर जैसे सीमावर्ती जिलों में रविवार रात ब्लैकआउट रहा। हालांकि सोमवार सुबह से सड़कों पर आम दिनों जैसी चहल-पहल दिखने लगी। चाय की दुकानों पर लोगों की सामान्य बातचीत चलती रही, लेकिन एहतियातन स्कूल, कॉलेज और कोचिंग संस्थान सोमवार को भी बंद रखे गए। जोधपुर में भी स्कूलों के साथ परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं।

जोधपुर, किशनगढ़ और बीकानेर एयरपोर्ट को अब दोबारा ऑपरेशनल कर दिया गया है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने यात्रियों से अपील की है कि वे अपनी फ्लाइट की जानकारी संबंधित एयरलाइंस से ही प्राप्त करें। बीकानेर एयरपोर्ट से सोमवार को कोई उड़ान नहीं है, लेकिन मंगलवार से फ्लाइट संचालन शुरू हो जाएगा।

# ट्रंप का वादा : अमेरिका में दवाएं होंगी सस्ती

**वाशिंगटन ■ एजेंसी**

संयुक्त राज्य अमेरिका में दवाएं 30 प्रतिशत तक सस्ती होने जा रही हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रिस्क्रिप्टिड और फार्मा प्रोडक्ट्स की कीमतें कम करने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करेंगे।

ट्रंप ने रविवार को अपने फैसले से देशवासियों को अवगत कराया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने अपना इरादा ट्रुथ सोशल पर जताया है। उन्होंने कहा कि वह इस आशय के कार्यकारी आदेश पर सोमवार को हस्ताक्षर करेंगे । इसके बाद दवाइयों की कीमतें तुरंत कम कर दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि कई सालों से देख रहा हूं कि संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रिस्क्रिप्टिड ड्रग्स और फार्मास्यूटिकल्स के दाम अन्य देश की तुलना में काफी ज्यादा हैं, लेकिन क्यों हैं, यह आज तक समझ नहीं पाया। उन्होंने कहा कि कभी-कभी तो एक कंपनी की प्रयोगशाला या प्लांट में निर्मित एक दवा अन्य कंपनियों की दवा की तुलना में पांच से 10 गुना ज्यादा महंगी होती हैं। ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल पर विस्तार से बात की है। उन्होंने लिखा कि फार्मा कंपनियां रिसर्च और निर्माण लागत को दवाइयों की ऊंची




कीमतों का कारण बता रही हैं। वह दवाइयां सस्ती करने का आदेश जारी करेंगे। कार्यकारी आदेश यूएस स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग को मेडिकेयर को निर्देश देगा कि वह डॉक्टर के कार्यालय में दी जाने वाली दवाओं के लिए भुगतान की जाने वाली राशि को अन्य देशों को भुगतान की जाने वाली न्यूनतम कीमत से जोड़े। राष्ट्रपति का मानना है कि यह सबसे पसंदीदा राष्ट्र नीति होगी। इससे देश के नागरिकों की स्वास्थ्य सेवा लागत में कमी आएगी। ट्रंप प्रशासन के स्वास्थ्य और मानव सेवा सचिव रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर ने पिछले मंगलवार को ऐसी नीति का संकेत दिया था। जिसमें ब्लॉकबस्टर मधुमेह की दवा ओजेम्पिक के लिए यूरोप की उच्च कीमतों की ओर इशारा किया गया था। कैनेडी ने कहा था कि हम दवा कंपनियों के साथ इस पर बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे मधुमेह ही नहीं कैंसर के उपचार में इस्तेमाल की जाने वाली दवाएं भी सस्ती होंगी। ट्रंप ने दावा किया कि इस योजना से सरकार को खरबों डॉलर की बचत होगी।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा ने भारतीय सेनाओं का जताया आभार

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

भाजपा ने आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए भारतीय सुरक्षा बलों को धन्यवाद दिया है। भाजपा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर 100 फीसदी सफल रहा। जितने हमारे जांबाज पायलट राफेल के साथ गए थे, वह सभी आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करके आए, लेकिन किसी नागरिक को नहीं मारा। भाजपा मुख्यालय में सोमवार को हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी प्रवक्ता ओर सांसद संबित पात्रा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर 100 प्रतिशत सफल रहा। जितने हमारे जांबाज पायलट गए थे राफेल के साथ, उतने लौटकर आए। सभी आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करके आए, लेकिन किसी नागरिक को नुकसान नहीं पहुंचाया।



इस सिंदूर ऑपरेशन के तहत सेना ने पाकिस्तान के नौ आतंकी शिविरों को नष्ट कर दिया, जिनमें से पांच पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर (पीओके) में और चार पाकिस्तान में थे। उन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा में सुरक्षा बलों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सेना ने अदम्य साहस का परिचय दिया है।

संबित पात्रा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी मुजस्सर उर्फ अबू जिंदाल मारा गया। इसके जनाजे में पाकिस्तान के आर्मी चीफ और आर्मी अधिकारी, पंजाब सीएम मरियम नवाज शामिल हुईं। इससे साबित होता है कि आतंकवाद और आतंक को बढ़वा देने वाले एक साथ काम करते हैं। दूसरा जैश-ए-मोहम्मद का आतंकी यूसुफ अजहर व हाफिज मुहम्मद जमील मारा गया।

उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा प्रशिक्षित आतंकियों ने 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी गई थी। तब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वादा किया था कि आतंकवाद के खिलाफ हमला होगा, हम पहलगाम के इस आतंकवादी हमले का बदला लेंगे। ये जो बदला होगा वो आतंकवादियों की कल्पना से परे होगा और जो बदला हमने लिया वो आतंकवादियों की सोच से परे था।

### सेना का आभार व्यक्त करने के लिए 13 मई से 23 मई तक आयोजित की जाएगीं तिरंगा यात्रा

# भाजपा देश भर में निकालेगी तिरंगा यात्रा, ऑपरेशन सिंदूर की बताएगी उपलब्धियां

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

*ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) देश भर में तिरंगा यात्रा निकालेगी। इस यात्रा का उद्देश्य भारतीय सेना का आभार जताने के साथ साथ ऑपरेशन सिंदूर की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है। तिरंगा यात्रा 13 मई से 23 मई तक आयोजित की जाएगी। भाजपा के महासचिव विनोद तावड़े और तरुण चुघ, सांसद संबित पात्रा जैसे वरिष्ठ नेता इस अभियान का समन्वय करेंगे, जबकि पार्टी के शीर्ष नेता और मंत्री देश भर में रैलियों का नेतृत्व करेंगे।*

*भाजपा के नेताओं के मुताबिक तिरंगा यात्रा के जरिए पार्टी देशभक्ति का संदेश देगी। तिरंगा यात्रा एक देशभक्ति पूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य देश भर में हमारे सुरक्षा बलों का मनोबल बढ़ाना है। अभियान के तहत संदेश दिया जाएगा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित है।*

*13 और 14 मई को यह यात्रा राज्यों की राजधानी में आयोजित की जाएगी। 15 मई को लोकप्रिय स्थानों पर तिरंगा यात्रा आयोजित की जाएगी। 16-17 मई को जिलों में, 19 से 23 मई तक सभी मंडल और विधानसभाओ में यात्राएं आयोजित की जाएंगी। सूत्रों के मुताबिक इस संबंध में सोमवार को पार्टी के मुख्यालय पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी के महासचिवों के साथ अहम बैठक की। इस बैठक में तिरंगा यात्रा की रूप रेखा तैयार की गई।*



*उल्लेखनीय है कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में तनाव बढ़ता गया। भारत ने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सात मई को ऑपरेशन सिंदूर चलाया और खूंखार दहशतगर्दों को ढेर कर दिया। बौखलाई पाकिस्तानी सेना ने भारत पर हमले की तमाम कोशिशें कीं, लेकिन नाकाम रहे। भारत ने स्पष्ट संदेश दिया कि अब किसी भी हाल में आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और पाकिस्तान को उसी की भाषा में मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा। यह नया दौर है और अब यही आम बात है।*



**नई दिल्ली।** केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने सोमवार को गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पणजी में बिजली क्षेत्र की प्रगति की विस्तृत समीक्षा बैठक की। इस दौरान विद्युत क्षेत्र के विकास के साथ ही हानि में कमी लाने की पहल और पुनर्विकसित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के तहत प्रगति पर ध्यान केंद्रित किया गया। साथ ही कहा कि राज्य स्थानीय स्तर पर बिजली उत्पादन के लिए सभी संभावित रास्ते तलाश करे। केंद्रीय विद्युत मंत्री ने इस अवसर पर सार्वभौमिक विद्युतीकरण और हानि में कमी लाने में राज्य के प्रयासों की सराहना की।



# सेहत के लिए बेहद लाभदायक है नींबू पानी

**नींबू पानी को अगर देशी कोल्ड्रिंक कहा जाए, तो इसमें कुछ गलत नहीं होगा। प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, विटामिन और मिनरल्स से भरपूर यह पेय सेहत और सौंदर्य से जुड़े इतने फायदे देता है, जितने आप सोच भी नहीं सकते। जानिए नींबू पानी के कुछ ऐसे ही फायदे जो आपकी सेहत के लिए बेहद लाभदायक हैं -**

नींबू विटामिन सी का बेहतर स्त्रोत है। साथ ही, इसमें विभिन्न विटामिन्स जैसे थियामिन, रिबोफ्लोविन, नियासिन, विटामिन बी- 6, फोलेट और विटामिन-ई की थोड़ी मात्रा मौजूद रहती है। यह खराब गले, कब्ज, किडनी और मसूड़ों की समस्याओं में राहत पहुंचाता है। साथ ही ब्लड प्रेशर और तनाव को कम करता है। त्वचा को स्वस्थ बनाने के साथ ही लिवर के लिए भी यह बेहतर होता है। पाचन क्रिया, वजन संतुलित करने और कई तरह के कैंसर से बचाव करने में नींबू पानी मददगार होता है। नींबू पानी में कई तरह के मिनरल्स जैसे आयरन, मैग्नीशियम, फास्फोरस, कैल्शियम, पोटैशियम और जिंक पाए जाते हैं।

## किडनी स्टोन

नींबू पानी का स्वास्थ्य पर पड़ने वाला सबसे महत्वपूर्ण फायदा है, इसका किडनी स्टोन से राहत पहुंचाना। मुख्यरूप से किडनी स्टोन शरीर से बिना किसी परेशानी के निकल जाता है, लेकिन कुछ मामलों में यह यूरीन के बहाव को ब्लॉक कर देते हैं जो अत्यधिक पीड़ा का कारण बनता है। नींबू पानी पीने से शरीर को रिहाइड्रेट होने में मदद मिलती है और यह यूरीन को पतला रखने में मदद करता है। साथ ही यह किडनी स्टोन बनने के किसी भी तरह के खतरे को कम करता है।

## डायबिटीज

नींबू पानी, हाई शुगर वाले जूस व ड्रिंक का बेहतर विकल्प माना जाता है। खासतौर से उनके लिए जो डायबिटीज के मरीज हैं या वजन कम करना चाहते हैं। यह शुगर को गंभीर स्तर तक पहुंचाए बिना शरीर को रिहाइड्रेट व एनर्जाइज करता है।

## पाचनक्रिया में फायदेमंद

नींबू पानी में मौजूद नींबू का रस हाइड्रोक्लोरिक एसिड और पित्त सिक्रेशन के प्रोडक्शन में वृद्धि करता है, जो पाचन के लिए आवश्यक है। साथ ही यह एसिडिटी और गठिया के खतरे को भी कम करता है। जो लोग आमतौर पर पाचन-संबंधी समस्याओं जैसे एबडॉमिनल क्रैम्प्स, ब्लॉटिंग, जलन और गैस की समस्या आदि से परेशान होते हैं, उन्हें नियमित रूप से नींबू पानी का सेवन करना चाहिए।

## कब्ज

अगर आपको कब्ज की समस्या है, तो नींबू पानी आपके लिए बेहद फायदेमंद है। प्रतिदिन सुबह गर्म नींबू पानी पिएं और पूरे दिन कब्ज की समस्या से दूर रहें।

## इम्यून सिस्टम

नींबू पानी बायोफ्लेवोनॉयड, विटामिन सी और फाइटोन्यूट्रियंट्स का बेहतर स्रेत है जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता की शक्ति बढ़ाने में मदद करता है। इसमें मौजूद आवश्यक विटामिन्स और मिनरल्स के कारण यह शरीर के एनर्जी लेवल को बढ़ाने में मदद करता है।

## खराब गला

नींबू पानी को गुनगुना करके पीने से गले की खराबी या फैरिन्जाइटिस में आराम पहुंचाता है।

## वजन

हर सुबह शहद के साथ गुनगुना नींबू पानी पीने से अतिरिक्त वजन आसानी से कम किया जा सकता है।

## मसूड़ों की समस्या

नींबू पानी पीने से मसूड़ों से संबंधित समस्याओं से राहत मिलती है। नींबू पानी में एक चुटकी नमक मिलाकर पीने से बेहतर परिणाम मिलते हैं।



# आयुर्वेद के अनुसार तेज भूख लगने पर कभी खाली पेट न खाएं ये चीजें

कभी-कभी ऐसा होता है कि हमें बहुत तेज भूख लग जाती है और हम उस वक्त हमें जो भी उपलब्ध होता है, वो खाने लग जाते हैं लेकिन ऐसा करना आपके लिए घातक हो सकता है। आयुर्वेद के मुताबिक तेज भूख लगने पर कुछ ऐसी चीजें है, जिन्हें नहीं खाना चाहिए।आइए, जानते हैं कौन-सी हैं वो चीजें-

## अमरुद

अमरुद एक ऐसा फल है, जिसे अलग-अलग स्थितियों में खाने पर अलग-अलग परिणाम देखने को मिलते हैं यानी अगर आप सर्दियों में सुबह के वक्त खाली पेट अमरुद खाएंगे, तो आपको पेट दर्द की शिकायत हो सकती है। वहीं, गर्मी में खाली पेट अमरूद खाएंगे, तो यह फायदा देता है। ऐसे में आपको खाली पेट अमरूद नहीं खाना चाहिए।

## सेब

सर्दियों में खाली पेट सेब खाने से बीपी बढ़ सकता है, अगर सुबह सबसे पहले यानी बिना कुछ खाए आप सेब खा लेते हैं, तो इस दिक्कत का सामना आपको करना पड़ सकता है लेकिन गर्मी में आप खाली पेट सेब खा सकते हैं।

## टमाटर

टमाटर की तासीर गर्म होती है। इसे आप सर्दी के मौसम में तो खाली पेट खा सकते हैं लेकिन गर्मी के मौसम में ऐसा करने पर पेट में या सीने में जलन की समस्या हो सकती है। आपको सुबह के समय टमाटर खाने से परहेज करना चाहिए।

## चाय-कॉफी

चाय या कॉफी को खाली पेट पीने से बचना चाहिए।आप चाय या कॉफी को बिस्किट, ब्रेड के साथ ले सकते हैं लेकिन खाली पेट या तेज भूख लगने पर सिर्फ चाय-कॉफी न लें, इससे आपके पेट में गैस बन सकती है।

## दही

बहुत से लोग ऐसे होते हैं, जिन्हें दही फायदे की जगह पर हानि पहुंचा देती है।ऐसे में दही को सुबह के समय खाली पेट खाने से बचना चाहिए, वर्ना आपकी सेहत बिगड़ सकती है।

# अमृत है आंवला 10 बेहतरीन फायदे

विटामिन-सी से भरपूर आंवला, हर मौसम में लाभदायक होता है। यह आंखों, बालों और त्वचा के लिए तो फायदेमंद है ही, साथ ही इसके और भी कई फायदे हैं, जो आपके शरीर को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करते हैं। आमतौर पर आंवले का प्रयोग अचार, मुरब्बा या चटनी के रूप में किया जाता है, लेकिन इसका अलग-अलग तरह से सेवन आपके लिए बेहद उपयोगी है। अगर आप नहीं जानते इस अनमोल फल के बारे में तो जरूर पढ़िए -

- डायबिटीज के मरीजों के लिए आंवला बहुत काम की चीज है। पीड़ित व्यक्ति अगर आंवले के रस का प्रतिदिन शहद के साथ सेवन करे तो बीमारी से राहत मिलती है।
- एसिडिटी की समस्या होने पर आंवला बेहद फायदेमंद होता है। आंवला का पाउडर, चीनी के साथ मिलाकर खाने या पानी में डालकर पीने से एसिडिटी से राहत मिलती है। इसके अलावा आंवले का जूस पीने से पेट की सारी समस्याओं से निजात मिलती है।
- पथरी की समस्या में भी आंवला कारगर उपाय साबित होता है। पथरी होने पर 40 दिन तक आंवले को सुखाकर उसका पाउडर बना लें, और उस पाउडर को प्रतिदिन मूली के रस में मिलाकर खाएं। इस प्रयोग से कुछ ही दिनों में पथरी गल जाएगी।
- रक्त में हीमोग्लोबिन की कमी होने पर, प्रतिदिन आंवले के रस का सेवन करना काफी लाभप्रद होता है। यह शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं के निर्माण में सहायक होता है, और खून की कमी नहीं होने देता।
- आंखों के लिए आंवला अमृत समान है, यह आंखों की रौशनी को बढ़ाने में सहायक होता है। इसके लिए रोजाना एक चम्मच आंवला के पाउडर को शहद के साथ लेने से लाभ मिलता है और मोतियाबिंद की समस्या भी खत्म हो जाती है।
- बुखार से छुटकारा पाने के लिए आंवले के रस में छौंक लगाकर इसका सेवन करना चाहिए, इसके अलावा दांतों में दर्द और कैविटी होने पर आंवले के रस में थोड़ा सा कपूर मिला कर मसूड़ों पर लगाने से आराम मिलता है।
- शरीर में गर्मी बढ़ जाने पर आंवल सबसे बेहतर उपाय है। आंवले के रस का सेवन या आंवले को किसी भी रूप में खाने पर यह ठंडक प्रदान करता है। हिचकी तथा उल्टी होने की पर आंवले के रस को मिश्री के साथ दिन में दो-तीन बार सेवन करने से काफी राहत मिलेगी।
- याददाश्त बढ़ाने में आंवला काफी फायदेमंद होता है। इसके लिए सुबह के समय आंवला के मुरब्बा गाय के दूध के साथ लेने से लाभ होता है, इसके अलावा आप प्रतिदिन आंवले के रस का प्रयोग भी कर सकते हैं।
- चेहरे के दाग-धब्बे हटाकर उसे खूबसूरत बनाने के लिए भी आंवला आपके लिए उपयोगी होता है। इसका पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगाने से त्वचा साफ, चमकदार होती है और झुर्रियां भी कम हो जाती हैं।
- बालों को काला, घना और चमकदार बनाने के लिए आंवले का प्रयोग होता है, इसके पाउडर से बाल धोने या फिर इसका सेवन करने से बालों की समस्याओं से निजात मिलती है



# नाश्ते में इन पांच चीजों को खाने से तेजी से बढ़ता है वजन, ज्यादातर लोग करते हैं सेवन



फिटनेस पाने के लिए लोग क्या-क्या जतन करते हैं। कई सर्वे के अनुसार आप शरीर पर चर्बी होने के कारण कई बीमारियों का शिकार हो सकते हैं। ऐसे में आपको बैली फैट कम करने के साथ फिट रहने की कोशिश करनी चाहिए। खुद को फिट रखने में ब्रेकफॉस्ट का भी अहम रोल होता है, ऐसे में आपको अगर हमेशा स्लिम ट्रिम रहना है, तो ऐसी 5 चीजें हैं, जो आपको नाश्ते में बिल्कुल नहीं खानी चाहिए-

**वाइट ब्रेड** - ब्रेड ज्यादातर भारतीय घरों में खाई जाती है लेकिन आपको बता दें कि ब्रेड का ज्यादा सेवन करना न सिर्फ आपकी सेहत को नुकसान पहुंचाता है बल्कि इससे आपका वजन भी बढ़ता है। ऐसे में कोशिश करें कि वाइट की जगह ब्राउन ब्रेड का सेवन करे।

**प्रोसेस्ड फूड** - ऐसे खाद्य पदार्थों को कई बार पकने की क्रिया से गुजरना पड़ता है। साथ ही तेल, मसाले, घी होने की वजह से ये सेहत के लिए भी अच्छे नहीं होते। आपको चिप्स, पॉपकॉर्न, ड्राई फ्रूट्स, स्नैक्स आदि से दूर रहना चाहिए।

**केक, कुकीज** - केक और कुकीज में मैदे के अलावा घी और क्रीम का इस्तेमाल होता है, जो आपकी फिटनेस के हिसाब से बिल्कुल भी सही नहीं है इसलिए आपको नाश्ते में इन चीजों को नहीं खाना चाहिए।

**नूडल्स** - नूडल्स खाने में तो बहुत अच्छे लगते हैं लेकिन इसे हेल्दी ब्रेकफॉस्ट नहीं माना जा सकता है, इसी वजह से आपको नूडल्स नाश्ते में बिल्कुल नहीं खाने चाहिए।

**फ्रूट जूस** - आपको कोशिश करनी चाहिए कि मार्केट में उपलब्ध फ्रूट जूस बिल्कुल न पिएं बल्कि आप घर में ही फलों का जूस निकालकर पी सकते हैं। आपके पास अगर जूस की जगह फल खाने का समय है, तो नाश्ते के लिए सबसे बेहतरीन रहेगा।

**पकौड़े-कचौड़ी** - सुबह-सुबह तली चीजें खाना बिल्कुल भी सही नहीं है। आप पकौड़े और कचौड़ी जैसी तली हुई चीजें सुबह नहीं खाएंगे, तो आपकी सेहत के लिए अच्छा रहेगा।

# आंखों को थकान से राहत देगा गुलाब जल, कम होगा तनाव

**वर्क के दौरान लैपटाप का ज्यादा इस्तेमाल न केवल आपके पूरे स्वास्थ्य पर असर डालता है बल्कि इसका असर आपकी नाजुक आंखों पर भी पड़ता है।**



वर्क के दौरान लैपटाप का ज्यादा इस्तेमाल किया जा रहा है, वहीं इसी के साथ ही मोबाइल के संपर्क में भी हम ज्यादा रह रहे हैं जिससे आंखों में जलन, धुंधला दिखना व खुजली जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए जरूरी है कि हम अपनी आंखों की देखभाल करें और जब भी आंखों पर दबाव महसूस करें तो स्क्रीन से दूर हो जाएं और बीच-बीच में आंखों को ठंडे पानी से भी धोते रहें। आंखों की जलन की परेशानी ज्यादा बढ़ जाती है। भले ही इस वक्त आप घर पर हैं लेकिन आंखों में जलन आप महसूस करते होंगे। इसलिए इन समस्याओं से निजात पाने के लिए आपको अपनी आंखों की सही देखभाल की जरूरत है, वहीं गुलाब जल का इस्तेमाल आपको आंखों की समस्या से निजात दिला सकता है। गुलाब जल के इस्तेमाल से आंखों को ठंडक मिलती है, साथ ही ताजगी महसूस होती है। ओवरटाइम काम करने के दौरान आंखों में तनाव महसूस होता है इसके लिए खुद को रिलेक्स करना बहुत जरूरी है। इसके लिए आप कॉटन में गुलाब जल डालें और इसे अपनी आंखों पर रखकर कुछ देर के लिए आंखों को आराम दें। गुलाब जल को आंखों में डालने से भी तुरंत राहत मिलती है, साथ ही फ्रेश महसूस होता है। अत : अपने आंखों का ध्यान रखें और समय-समय पर अपनी पलकों को झपकाते रहें।



# कैसे पहचानें कि इम्यून सिस्टम है कमजोर

**इम्यून सिस्टम के मजबूत होने पर हम बीमारियों से लड़ सकते हैं। यदि हमारा इम्यून सिस्टम मजबूत है तो बीमारी हम पर हावी नहीं हो सकती। अगर हमारी इम्यूनिटी मजबूत है तो यह हमें न सिर्फ सर्दी और खांसी से बचाती है बल्कि हैपेटाइटिस, लंग इंफेक्शन, किडनी इंफेक्शन सहित और कई बीमारियों से हमारा बचाव होता है। लेकिन हमारा इम्यून सिस्टम कमजोर है तो हम इसको कैसे पहचान सकते हैं, क्योंकि कई बार यह होता है इम्यून सिस्टम कमजोर तो होता है, पर हम इसे समझ ही नहीं पाते। आखिर कैसे पहचान करें कि आपका इम्यून सिस्टम कमजोर है, आइए जानते हैं।**

अगर आपको लगता है कि आप बार-बार बीमार हो रहे हैं और जुकाम की शिकायत रहती है। बार-बार सर्दी हो जाना और यदि आपके आस-पास ऐसा कोई व्यक्ति है जिसे खांसी है और आपको भी इससे जल्दी खांसी या सर्दी हो जाती है तो आपका इम्यून सिस्टम कमजोर है। बदलते मौसम का आपको बीमार करना आपके कमजोर इम्यून सिस्टम को दर्शाता है। यदि आप मौसम के बदलने पर बीमार हो रहे हैं तो आपका इम्यून सिस्टम कमजोर है। व्यायाम करते समय सांसों का फूलना व जल्दी थक जाना यह कमजोर इम्यून सिस्टम की निशानी है। नींद न आना, आंखों के नीचे काले घेरे, थकान महसूस होना- यह भी कमजोर इम्यून सिस्टम की निशानी है। अगर आपको लगता है कि आप दूसरों की अपेक्षा बार-बार बीमार होते हैं, जुकाम की शिकायत रहती है, खांसी, गला खराब होना या स्किन रैशेज जैसी समस्याएं रहती हैं तो बहुत पॉसिबल है कि यह आपके इम्यून सिस्टम की वजह से हो। कैंडिडा टेस्ट का पॉजिटिव होना, बार-बार यूटीआई, डायरिया, मसूड़ों में सूजन, मुंह में छाले वगैरह भी खराब इम्यूनिटी के लक्षण हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### डायमंड लीग में भाग लेंगे नीरज और जेना

**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और किशोर जेना 16 मई से शुरु होने वाली डाइमंड लीग प्रतियोगिता के दोहा चरण में उतरेंगे। नीरज पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में किशोर जेना के साथ भाग लेंगे। जेना ने 2024 में भी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था और 76.31 मीटर के थ्रो के साथ वह नौवें स्थान पर रहे थे। पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में विश्व के कई शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिसमें दो बार के विश्व चैंपियन और पेरिस ओलंपिक के कांस्य विजेता ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स, 2024 के विजेता चेक गणराज्य के जेकब वाडलेच, जर्मनी के जूलियन वेबर और मैक्स डेहनिंग, कीनियर के जूलियस येगो और जापान के रोडरिक जेनकी डीन आदि हैं।

### टेस्ट करियर को खुशी से याद रखूंगा: विराट

**मुम्बई।** अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। 36 साल के विराट ने इसके बाद कहा कि मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ टीम को दिया है और मैं खुशी से अपने टेस्ट करियर को याद करुंगा। कोहली ने पिछले साल ही टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले लिया था अब केवल एकदिवसीय प्रारुप में ही खेलेंगे। उन्होंने अब तक भारत की ओर से 123 टेस्ट मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 46.85 के औसत और 30 शतकों की सहायता से 9230 रन बनाए हैं। कोहली ने सोशल मीडिया में कहा, ''जब मैं खेल के इस प्रारूप से दूर जा रहा हूं तो मेरे लिए यह आसान नहीं है पर ये सही लगता है। मैंने इसे अपना सबकुछ दिया है और इसने भी मुझे उम्मीदों से कहीं अधिक बढ़कर दिया है।

### पाक दौरे पर शायद ही जाये बांग्लादेश क्रिकेट टीम

**लाहौर।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने कहा है कि वह भारत ओर पाकिस्तान के बीच तनाव को देखते हुए सुरक्षा हालातों की समीक्षा बाद ही अपनी टीम को पाक दौरे पर भेजेगा। बांग्लादेश की टीम को पांच टी-20 खेलने के लिए पाकिस्तान जाना था पर वहां के कमजोर सुरक्षा हालातों को देखते हुए बांग्लादेश टीम शायद ही वहां का दौरा करे। बीसीबी ने कहा है कि खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ की सुरक्षा बोर्ड की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। साथ ही कहा कि पाक में हालात को देखने के बाद ही इस बारे में कोई अंतिम फैसला लिया जाएगा। इससे पहले बीसीबी ने यूएई के दौरे पर दो टी-20 मैचों की सीरीज के लिए टीम घोषित कर दी।

#### आईपीएल में एक ही विदेशी खिलाड़ी को मिली जगह

## जीते हुए मैचों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले पांच में से चार बल्लेबाज भारतीय




**मुम्बई, निप्र।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अब तक हुए 58 मुकाबलों में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। विराट जीते हुए मैचों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली शीर्ष पांच खिलाड़ियों में शामिल हैं। इस सत्र में अब तक जीते हुए मुकाबलों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की जो सूची सामने आई है, जिसमें भारतीय बल्लेबाज छाये हुए हैं। इस सूची में पांच में से केवल एक ही विदेशी खिलाड़ी को जगह मिली है। इसमें शामिल विराट ने अब तक 11 मैचों में से 8 विजयी मुकाबलों में कुल 475 रन बनाए हैं। उनकी बल्लेबाज़ी की बदौलत आरसीबी अंक तालिका में दूसरे स्थान पर बनी हुई है और प्लेऑफ की दौड़ में भी वह शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल हैं।

इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं गुजरात टाइटंस की टीम में शामिल इंग्लैंड के जोस बटलर। बटलर ने 8 पारियों में 380 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। गुजरात टाइटंस ने अब तक 11 में से 8 मैच जीते हैं, और बटलर के प्रदर्शन की इसमें अहम भूमिका रही है। वहीं तीसरे नंबर पर भी गुजरात के ही साई सुदर्शन हैं, जिन्होंने 8 पारियों में 340 रन बनाये हैं और लगातार टीम को तेज शुरुआत दिलायी है। गुजरात टाइटंस के ही कप्तान शुभमन गिल ने 8 पारियों में 331 रन बनाए हैं। इस सूची में पांचवें स्थान पर मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव हैं, जिन्होंने 7 पारियों में 303 रन बनाए हैं। इसके साथ ही वे पूरे टूर्नामेंट में अब तक सबसे ज्यादा रन (510) बनाने वाले खिलाड़ी हैं।



### बरेली ताइक्वांडो स्कूल बना ओवरऑल चैंपियन.. प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दम

**बरेली, एजेंसी।** बरेली ताइक्वांडो प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एक दिवसीय प्रतियोगिता में करीब 300 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इसमें बरेली ताइक्वांडो स्कूल ओवरऑल चैंपियन रहा। बरेली में अमर उजाला की ओर से रविवार को एक दिवसीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम के स्मार्ट सिटी हॉल में किया गया। इसमें बरेली ताइक्वांडो स्कूल ओवरऑल चैंपियन रहा। एएसआर अकादमी और स्पार्क ताइक्वांडो अकादमी क्रमवार दूसरे व तीसरे पायदान पर रहीं। सब जूनियर (10 से 12 साल), जूनियर, कैडेट (12 से 14 वर्ष) और (14 से 17 वर्ष) वर्ग में आयोजित प्रतियोगिता में शहर की विभिन्न अकादमी और स्कूलों के करीब 300 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। खिलाड़ियों, अभिभावकों और प्रशिक्षकों ने अमर उजाला की पहल की सराहना की। भविष्य में ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन जारी रखने का आग्रह किया। मुख्य अतिथि एसपी सिटी मानुष पारीक ने कहा कि अमर उजाला की इस पहल के लिए मैं बधाई देता हूं। इससे प्रतिभागियों को न सिर्फ आत्मबल मिलेगा, बल्कि वह अपनी सुरक्षा करने में भी सक्षम होंगे। खास तौर से लड़कियों को सशक्त बनाने के लिए यह विधा बहुत जरूरी है।

#### स्क्वॉड में 24 खिलाड़ियों को जगह

## महिला प्रो लीग हॉकी के यूरोपीय चरण के लिए भारतीय टीम का एलान




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर उप कप्तान होंगी। टीम में गोलकीपर सविता और बीचू देवी खारीबाम शामिल हैं। अनुभवी सुशीला चानू पुखरामबम, ज्योति, सुमन देवी थौदम, ज्योति सिंह, इशिका चौधरी और ज्योति छत्री डिफेंडर होंगी।

भारत ने सोमवार को महिला प्रो लीग हॉकी के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें मिडफील्डर सलीमा टेटे को कप्तान बनाया गया है। भारत 14 से 29 जून तक लंदन, एंटवर्प और बर्लिन में ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, बेल्जियम और चीन के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगा। टीम 14 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर उप कप्तान होंगी। टीम में गोलकीपर सविता और बीचू देवी खारीबाम शामिल हैं। अनुभवी सुशीला चानू पुखरामबम, ज्योति, सुमन देवी थौदम, ज्योति सिंह, इशिका चौधरी और ज्योति छत्री डिफेंडर होंगी। मिडफील्ड की जिम्मेदारी वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुजाता कुजूर, मनीषा चौहान, नेहा, सलीमा, लालरेमसियामी, शर्मिला देवी, सुनीता टोप्पो और महिमा टेटे के कंधों पर होगी। दीपिका, नवनीत, दीपिका सोरेंग, बलजीत कौर, रुतुजा दादासो पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग और साक्षी राणा फॉरवर्ड होंगी। स्टैंडबाय सूची में गोलकीपर बंसरी सोलंकी और डिफेंडर अजमीना कुजूर शामिल हैं। भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने टीम के चयन पर बोलते हुए कहा, हमने एक संतुलित टीम बनाई है जिसमें अनुभव और युवा प्रतिभा का मिश्रण है। यूरोपीय चरण प्रो लीग का एक अहम चरण है और हम दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ चुनौतीपूर्ण मुकाबलों की उम्मीद कर रहे हैं।

#### थाईलैंड ओपन कल से शुरू

## आयुष और उन्नति ने किया मजबूत प्रदर्शन



**बैंकॉक (थाईलैंड), एजेंसी।** आयुष अपने शुरुआती क्वालिफाइंग मैच में फिनलैंड के जोकिम ओल्डोर्फ से भिड़ेंगे जबकि उन्नति का सामना महिला एकल क्वालिफायर में थाईलैंड की थामोनवान निथिटिकराई से होगा। युवा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा अपने हाल के शानदार प्रदर्शन को जारी रखना चाहेंगे जबकि लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू हो रहे थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दौरान अपनी लय हासिल करने के लिए उत्सुक होंगे। आयुष (20 वर्ष) और उन्नति (17 वर्ष) पिछले हफ्ते ताइपे ओपन सुपर 300 के सेमीफाइनल में पहुंचे थे। लेकिन उन्हें यहां मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने के लिए क्वालिफाइंग दौर से गुजरना होगा। आयुष अपने शुरुआती क्वालिफाइंग मैच में फिनलैंड के जोकिम ओल्डोर्फ से भिड़ेंगे जबकि उन्नति का सामना महिला एकल क्वालिफायर में थाईलैंड की थामोनवान निथिटिकराई से होगा। वहीं सेन मुख्य ड्रॉ में आयरलैंड के नहत गुयेन के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। पूर्व राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन सेन अपनी फिटनेस को परखने के लिए उत्सुक होंगे, क्योंकि चोट के कारण वह सुदीरमन कप में कोई भी मैच नहीं खेल पाए थे। एक अन्य उभरती हुई प्रतिभा प्रियांशु राजावत इंडोनेशिया के अल्वी फरहान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। महिला एकल में मालविका बंसोड़ मुख्य ड्रॉ में अपने शुरुआती मैच में तुर्की की नेस्लिहान यिगिट का सामना करेंगी। पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन अनुपमा उपाध्याय को अपने पहले दौर में थाईलैंड की पूर्व विश्व चैंपियन रतचानोक इंतानोन के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

रक्षिता रामराज सिंगापुर की यो जिया मिन के खिलाफ अपने पहले मैच में उतरेंगी जबकि आकर्षि कश्यप का सामना जापान की काओरू सुगियामा से होगा। पुरुष एकल में पूर्व विश्व नंबर एक किदाम्बी श्रीकांत (अभी 82वें स्थान पर) वापसी की राह जारी रखेंगे और क्वालिफायर में उनका सामना साथी भारतीय एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम से होगा।

# व्यापार समाचार

### भारत मालदीव को देगा 50 मिलियन डॉलर की वित्तीय सहायता

**नई दिल्ली।** भारत ने मालदीव को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ट्रेजरी बिल के रोलओवर का ऐलान किया है। मालदीव के विदेश मंत्री ने भारत सरकार और डॉ. एस जयशंकर को धन्यवाद दिया और इस साथ मित्रता को मजबूत करने का संकेत दिया। भारतीय उच्चायोग के अनुसार भारतीय स्टेट बैंक ने मालदीव के अनुरोध पर 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के सरकारी ट्रेजरी बिल को एक और वर्ष के लिए सब्सक्राइब किया है। इसके माध्यम से मालदीव को आपातकालीन वित्तीय सहायता प्राप्त होगी। मार्च 2019 से भारत सरकार एसबीआई ऐसे कई ट्रेजरी बिलों की सदस्यता की सुविधा प्रदान कर रही है और सालाना, ब्याज-मुक्त तरीके से मालदीव सरकार को रोलओवर कर रही है।

### जिनेवा में अमेरिका-चीन के बीच हुआ बड़ा व्यापारिक सौदा

**नई दिल्ली।** दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं अमेरिका और चीन ने आपसी व्यापार विवाद को कम करने अगले 90 दिनों के लिए अधिकतर टैरिफ (आयात शुल्क) घटाने पर सहमति जताई है। अब तक दोनों देशों के बीच 125 फीसदी तक के टैरिफ लगाए जा रहे थे, जिन्हें घटाकर 10 फीसदी कर दिया गया है यानि टैरिफ में सीधे 115 फीसदी की कटौती की गई है। हालांकि फेंटानिल से जुड़ी चीनी वस्तुओं पर अमेरिका की 20 फीसदी की ड्यूटी पहले की तरह बनी रहेगी।

#### क्रेडिफिन लिमिटेड ने एक नए उत्पाद: ईवी स्टार्टअप लोन की घोषणा की

## अगले 2-3 वर्षों में 1000 ईवी उद्यमियों को शामिल करने का लक्ष्य

**भोपाल, निप्र।** भारत के मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध, एनबीएफसी, क्रेडिफिन लिमिटेड (पहले पीएचएफ लीजिंग लिमिटेड), जिसका मुख्यालय जालंधर और जिसका कॉर्पोरेट कार्यालय दिल्ली-एनसीआर में है, ने अपने नए उत्पाद-ईवी स्टार्टअप लोन के लॉन्च की घोषणा की है। यह उत्पाद ईवी व्यवसाय और पूरे देश में सक्रिय वाहनों की तैनाती के जरिये उद्यमिता को बढ़ावा देगा। ईवी स्टार्टअप लोन किसी भी व्यक्ति या कंपनी को उपलब्ध होगा जो डीलरशिप या इलेक्ट्रिक वाहन से संबंधित व्यवसाय शुरू करना चाहता है।

ईवी स्टार्टअप लोन उत्पाद के तहत, क्रेडिफिन ईवी उद्यमी को शुरू में पचास लाख रुपये तक का लोन प्रदान करेगा। जरूरत और अलग मामलों के आधार पर आगे चलकर लोन की राशि बढ़ाई जा सकती है। 13 राज्यों में 200 से अधिक स्थानों पर मौजूदगी और तेजी से विस्तार के साथ, क्रेडिफिन अगले 2-3 वर्षों में 1000 ईवी उद्यमियों को लक्ष्य कर रहा है।



इस समय, क्रेडिफिन के पास ई-रिक्शा, एल5 और ईवी 2 व्हीलर सेगमेंट में 100 से ज़्यादा मौजूदा ओईएम पार्टनरशिप हैं और यह उद्यमी ऋणदाता को न सिर्फ़ वित्तपोषण में मदद करेगा बल्कि नई डीलरशिप स्थापित करने के लिए प्रतिष्ठित निर्माताओं के साथ गठजोड़ की सुविधा भी देगा, वो भी बिना किसी लागत के। इसके अलावा, इस योजना के तहत, क्रेडिफिन डीलरशिप को उनके द्वारा बेचे जाने वाले वाहनों को खरीदने के लिए ट्रेड एडवांस (व्यापार अग्रिम) भी प्रदान करेगा। क्रेडिफिन अंतिम ग्राहक को वाहनों का वित्तपोषण (फाइनेंस) भी प्रदान करेगा।

क्रेडिफिन एक इकोसिस्टम बनाकर ईवी उद्यमियों को तैयार करने में मदद करेगा, जहां क्रेडिफिन की टीम उद्यमी को संपूर्ण समाधान प्रदान करेगी। चाहे वह व्यवसाय स्थापित करना हो, डीलरशिप, व्यावसायिक लीड प्राप्त करना, साझेदारी या वाहनों के पंजीकरण के लिए स्थानीय अधिकारियों की मदद लेना हो, क्रेडिफिन की टीम उद्यमियों की सहायता कर सकती है।

## द बॉडी शॉप का मोर लव फॉर लेस' कैम्पेन




**मुंबई, एजेंसी।** ग्राहकों की पसंद और पहुंच को ध्यान में रखते हुए द बॉडी शॉप ने समावेशी मूल्य नीति और दिल छू लेने वाली इंफ्लूएंसर-नेतृत्व वाली ब्रांड फिल्में पेश की है। यह नई ब्रांड फिल्में द बॉडी शॉप के 'मोर लव फॉर लेस' कैम्पेन का विस्तार हैं, जो समावेशी कीमतों को एक भावनात्मक और प्रभावशाली अंदाज में, इंफ्लूएंसर-नेतृत्व वाले लॉन्च के ज़रिए प्रस्तुत करती हैं।

द बॉडी शॉप इंडिया ने अपने सबसे लोकप्रिय 12 प्रोडक्ट फॉर्मेट्स में भारत के लिए एक नई डिसरप्टिव प्राइसिंग रणनीति की घोषणा की है। नई कीमतें अब पहले से कहीं ज़्यादा आकर्षक और सुलभ होंगी, ताकि और भी ज़्यादा ग्राहक द बॉडी शॉप की दुनिया से जुड़ सकें। यह रणनीति भारतीय उपभोक्ताओं की पसंद को समझते हुए उन्हें बेहतर अनुभव देने और सुंदरता की दुनिया में आगे बने रहने की ब्रैंड की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

'मोर लव फॉर लेस' नामक यह अभियान, सभी उम्र के ग्राहकों की खुशी, उत्साह और जुड़ाव को उजागर करता है - विशेष रूप से नई और सुलभ कीमतों के प्रति। डिजिटल-फर्स्ट अप्रोच के तहत तैयार इस कैम्पेन को भारतीय उपभोक्ताओं की विविधता को ध्यान में रखते हुए रचनात्मक दृष्टिकोण से फिल्माया गया है। यह कैम्पेन ग्राहकों की असली खुशी को दर्शाता है - जिसमें वे ट्रेंड्स को अपनाते हैं, अपने पसंदीदा प्रोडक्ट्स को दोबारा खोजते हैं, खुले दिल से उपहार देते हैं और अपनी सुंदरता की आदतों को नए नजरिए से अपनाते हैं। इस कहानी में अलग-अलग आयु वर्ग के किरदार शामिल हैं।

### एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने हाउस ऑफ ग्रोथ पहल के माध्यम से फ्रंटलाइन कर्मचारियों के जीवन स्तर को किया बेहतर

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े स्मॉल फाइनेंस बैंक एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने अपने फ्रंटलाइन कर्मचारियों के जीवन की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में एक सराहनीय पहल की शुरुआत की है हाउस ऑफ ग्रोथ। यह प्रयास उन चुनौतियों को मान्यता देता है, जिनका सामना बैंक की माइक्रो फाइनेंस टीमों को देशभर में जमीनी स्तर पर काम करते समय प्रतिदिन करना पड़ता है।

इस समय बैंक देशभर के 888 स्थानों पर कर्मचारियों के साझा आवासों को अपग्रेड कर रहा है। इन आवासों में पाँच से छह अधिकारियों के रहने की व्यवस्था होती है, जिन्हें अब सुव्यवस्थित बेड, भरोसेमंद हाउसकीपिंग, मनोरंजन की सुविधाएं और आरामदायक सामुदायिक स्थानों जैसे जरूरी संसाधनों से सुसज्जित किया जा रहा है। इस पहल के माध्यम से बैंक 6,000 से 8,000 फील्ड और लोन अधिकारियों को एक स्वच्छ, सुरक्षित और आरामदायक रहने का वातावरण प्रदान करना चाहता है - वे अधिकारी जो सुबह 7 बजे काम शुरू करते हैं और दिनभर कई गाँवों की यात्रा के बाद देर रात घर लौटते हैं। इस परिवर्तन की शुरुआत राजस्थान के बस्सी में पहले अपग्रेडेड अपार्टमेंट्स के उद्घाटन के साथ हो चुकी है। संजय अग्रवाल, संस्थापक, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, ने अपना व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए कहा, फील्ड विजिट्स के दौरान मैंने अपने कर्मचारियों की साधारण और कई बार चुनौतीपूर्ण रहने की स्थितियाँ स्वयं देखीं - वे लोग जो असाधारण समर्पण के साथ हमारे देश के सबसे पिछड़े क्षेत्रों तक वित्तीय समावेशन पहुंचाने का काम करते हैं। उनकी दृढ़ता, निष्ठा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में किए गए बदलाव केवल प्रशंसा के नहीं, बल्कि ठोस सहयोग के हकदार हैं।

कार्यालय कलेक्टर, जिला रायसेन (म.प्र.) एवं पदेन उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन (राजस्व विभाग) जिला-रायसेन (म.प्र.)

क्रमांक/ 4018 /भू-अर्जन/2025
प्रकरण क्रमांक. 13/अ-82/अविअ/2023-24
रायसेन, दिनांक 06 /05/2025

-:: अधिसूचना ::-

(भू-अर्जन अधिनियम 2013 की धारा 25 के अन्तर्गत)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रायसेन जिले के अन्तर्गत चिंकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना अन्तर्गत बोरास बराज के डूब क्षेत्र में आने वाले ग्राम सिंघवर तहसील देवरी के कृषकों की निजी भूमियों का भू-अर्जन हेतु "भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013" की धारा-19 के तहत अर्जित की जाने वाली भूमियों का मध्यप्रदेश राजपत्र दिनांक 16 फरवरी 2024 में प्रकाशन किया गया है। अर्जित भूमियों के संबंध में भू-स्वामियों द्वारा दावे/आपत्ति प्रस्तुत करने से उनके निराकरण एवं विधिक प्रक्रिया अनुसार कार्यवाही पूर्ण करने हेतु अधिनिर्णय पारित किये जाने में समय लगने की संभावना है।

अतः चिंकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना अन्तर्गत बोरास बराज के डूब क्षेत्र में आने वाले ग्राम सिंघवर तहसील देवरी जिला रायसेन के कृषकों की निजी भूमियों का अर्जन के लिये प्रकरण में अधिनिर्णय (अवार्ड) पारित किये जाने संबंधी कार्यवाही पूर्ण करने में समय लगने के कारण "भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013" की धारा-25 में निहित प्रावधानों के अन्तर्गत अधिसूचना जारी दिनांक से निरन्तर छः मास (6माह) के लिये समयावधि बढ़ाये जाने हेतु अधिसूचित किया जाता है।

(मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार)

(अरुण कुमार विश्वकर्मा)
कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव
मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग
जिला-रायसेन

G12760-25

कार्यालय कलेक्टर, जिला रायसेन (म.प्र.) एवं पदेन उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन (राजस्व विभाग) जिला-रायसेन (म.प्र.)

प्रकरण क्रमांक. 09/अ-82/अविअ/2023-24
क्रमांक/ 4015 /भू-अर्जन/2025
रायसेन, दिनांक 06 /05/2025

-:: अधिसूचना ::-

(भू-अर्जन अधिनियम 2013 की धारा 25 के अन्तर्गत)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रायसेन जिले के अन्तर्गत चिंकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना अन्तर्गत बोरास बराज के डूब क्षेत्र में आने वाले ग्राम पिपलियाखुर्द तहसील देवरी के कृषकों की निजी भूमियों का भू-अर्जन हेतु "भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013" की धारा-19 के तहत अर्जित की जाने वाली भूमियों का मध्यप्रदेश राजपत्र दिनांक 16 फरवरी 2024 में प्रकाशन किया गया है। अर्जित भूमियों के संबंध में भू-स्वामियों द्वारा दावे/आपत्ति प्रस्तुत करने से उनके निराकरण एवं विधिक प्रक्रिया अनुसार कार्यवाही पूर्ण करने हेतु अधिनिर्णय पारित किये जाने में समय लगने की संभावना है।

अतः चिंकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना अन्तर्गत बोरास बराज के डूब क्षेत्र में आने वाले ग्राम पिपलियाखुर्द तहसील देवरी जिला रायसेन के कृषकों की निजी भूमियों का अर्जन के लिये प्रकरण में अधिनिर्णय (अवार्ड) पारित किये जाने संबंधी कार्यवाही पूर्ण करने में समय लगने के कारण "भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013" की धारा-25 में निहित प्रावधानों के अन्तर्गत अधिसूचना जारी दिनांक से निरन्तर छः मास (6माह) के लिये समयावधि बढ़ाये जाने हेतु अधिसूचित किया जाता है।

(मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार)

(अरुण कुमार विश्वकर्मा)
कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव
मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग
जिला-रायसेन

G12759/25

### 2568वीं बुद्ध पूर्णिमा पर चैतगिरी बिहार में विशेष पूजा, शांति और करुणा का संकल्प

# श्रद्धालुओं ने किया भगवान बुद्ध को नमन

**रायसेन, निप्र।** सांची के विश्वप्रसिद्ध चैतगिरी बिहार मंदिर में सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर चैती गिरी बिहार मंदिर में बुद्ध वंदना के साथ पूजा अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर भगवान बुद्ध के दर्शन किए। इस वर्ष श्रीलंका महाबोधि सोसाइटी का परंपरागत बुद्ध चल समारोह आयोजित नहीं किया गया। श्रीलंका महाबोधि सोसाइटी के भंते श्री रतन ने बताया कि वैशाख पूर्णिमा का दिन विशेष महत्व रखता है। इसी दिन भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था। इसी दिन उन्हें बोधगया में ज्ञान की प्राप्ति हुई थी।



मंदिर में 2568वीं बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर विशेष आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने ध्यान और प्रार्थना की। उन्होंने बुद्ध वंदना के साथ शांति, करुणा और सत्य के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। सारिपुत्र और महामोग्गलान भगवान बुद्ध के प्रधान शिष्यों में प्रमुख शिष्य थे जिसमें सारिपुत्र धम्म के विशेषज्ञ माने जाते थे। उन्होंने ही अभिधम्म की परंपरा शुरू की थी। जबकि महामोग्गलान तपस्वी और तात्विक ज्ञाता थे। बौद्ध दर्शन के जानकार लोग बताते है कि मोग्गलान बाद में चलकर महामोग्गलान कहलाए क्योंकि वे धर्म उपदेश देने में सर्वश्रेष्ठ थे। बताते हैं कि भगवान बुद्ध ने अपने पीछे धर्म का उपदेश देने के लिए मोग्गलान को ही रखा था। बौद्ध साहित्य के अनुसार मोग्गलान देवलोक व ब्रह्मलोक में आते-जाते थे। उनकी प्रशंसा का उल्लेख त्रिपिटक में मिलता है। वहीं सारिपुत्र को भगवान बुद्ध ने धम्म सेनापति की पदवी से विभूषित किया था। 84 साल की आयु में सारिपुत्र और महामोग्गलान तथागत बुद्ध से पहले परिनिवृत हुए थे। सम्राट अशोक के शासनकाल से ही दोनों की देह धातु को संनिधानित कर सांची में स्तूप और विहार बनाए गए।

### आंतरिक सुरक्षा के लिए सौहार्द बनाए रखने की अपील, शांति समिति की बैठक

# सोशल मीडिया पर अफवाहों से बचें: एसडीओपी

**रायसेन, निप्र।** रायसेन में सोमवार को शांति समिति की बैठक शाम को आयोजित की गई। इसमें वर्तमान स्थिति को देखते हुए आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की गई। हिंदू उत्सव समिति और मुस्लिम त्योहार कमेटी के लोगों से सुरक्षा और सद्भावना बनाए रखने में सहयोग की अपील की। एसडीएम मुकेश सिंह ने आपातकालीन स्थिति में सभी को आगे आकर सहयोग करने की बात पर जोर दिया।



दोपहर के समय सिविल डिफेंस को लेकर वॉलंटियर्स का प्रशिक्षण भी दिया गया जिसमें आपातकालीन स्थिति से निपटने की ट्रेनिंग दी गई। एसडीओपी प्रतिभा शर्मा ने सोशल मीडिया के उपयोग को लेकर कहा कि बिना जांच-पड़ताल के कोई भी मैसेज फॉरवर्ड न करें। जिससे भ्रम की स्थिति बनती हो वर्तमान स्थिति को देखते हुए जल्दी बाजी ना करें पुलिस प्रशासन स्थिति पर नजर रख रहा है। बैठक के बाद रात में फ्लैग मार्च निकाला गया। मार्च शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए पुराने क्षेत्र तक पहुंचा। फ्लैग मार्च में एसडीएम, तहसीलदार, एसडीओपी और थाना प्रभारी संदीप चौरसिया शामिल रहे। इस अवसर पर एसडीओपी प्रतिभा शर्मा, तहसीलदार हर्ष विक्रम पटेल, नगर पालिका सीएमओ सुरेखा जाटव, हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष, पार्षद और मुस्लिम त्योहार कमेटी के सदस्यों सहित गणमान्य नागरिकों ने भी बैठक में हिस्सा लिया।

### गंजबासौदा में आपदा प्रबंधन की बैठक

# ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों को दी आपातकालीन स्थिति में काम करने की जानकारी

**गंजबासौदा, निप्र।** गंजबासौदा में सोमवार शाम 6 बजे शहर थाना परिसर में आपदा प्रबंधन को लेकर बैठक हुई। इसमें पुलिस के साथ सहयोग करने वाली ग्राम रक्षा समिति के सदस्य मौजूद थे।



पुलिस ने समिति सदस्यों को आपदा की स्थिति से निपटने के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव को देखते हुए पुलिस अधीक्षक की ओर से यह तैयारियां की जा रही हैं। शहर थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह परमार ने बताया कि ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों को अपने क्षेत्र की पूरी जानकारी रखने को कहा गया है। संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने के निर्देश दिए गए हैं। एसपी रोहित काशवानी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे के निर्देशानुसार यह बैठक की। इस दौरान सुरक्षा समिति सदस्यों को सिविल डिफेंस वॉलंटियर फॉर्म दिए गए।

पुलिस बड़े आयोजनों में भी इन समिति सदस्यों को सुरक्षा व्यवस्था में शामिल करती है। प्रशासन शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कड़ी निगरानी रख रहा है। आपदा प्रबंधन के लिए शासकीय कर्मचारियों के साथ-साथ स्वयंसेवकों को भी तैयार किया जा रहा है।

### कलेक्टर लोगों की समस्या सुनेंगे, जनसुनवाई में सभी विभागों के अधिकारी शामिल होंगे

**सिरोंज।** सिरोंज में मंगलवार को एक विशेष जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। विदिशा के कलेक्टर अंशुल गुप्ता के साथ सभी विभागों के जिला अधिकारी इस जनसुनवाई में उपस्थित रहेंगे। शनि मंदिर के पीछे स्थित नवनिर्मित आजीविका भवन में सुबह 11 बजे से यह जनसुनवाई शुरू होगी। यह आयोजन सिरोंज-लटेरी विकासखंड के लिए किया जा रहा है। लोग अपनी-अपनी समस्या लेकर पहुंचेंगे एसडीएम हर्षल चौधरी ने बताया कि यह व्यवस्था जनता की सुविधा के लिए शुरू की गई है। इससे स्थानीय लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए विदिशा जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

### पेट्रोल पम्पों से डिब्बा, बोतल में पेट्रोल एवं अन्य ज्वलनशील पदार्थों के विक्रय पर प्रतिबंध

**विदिशा।** समाचार पत्रों एवं जनसामान्य आदि के माध्यम से यह तथ्य संज्ञान में लाया गया है कि विदिशा जिले में कई पेट्रोल पम्पों से खुले रूप में डिब्बे, बोतल तथा पाऊच आदि रूपों में पेट्रोल एवं अन्य ज्वलनशील पदार्थों का विक्रय किया जा रहा है, जिससे आम जनमानस के जान एवं माल पर गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है। वर्तमान की अप्रत्याशित परिस्थितियो के दृष्टिगत विदिशा जिले की सीमा में दुरूपयोग रोकने एवं आपराधिक प्रवृत्ति की गतिविधियों पर रोकथाम की दृष्टि से डिब्बे तथा बोतल या अन्य किसी खुले रूप में पेट्रोल पंप से पेट्रोल एवं अन्य ज्वलनशील पदार्थों के विक्रय पर अंकुश लगाये जाने की आवश्यकता प्रतीत हो रही है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अंशुल गुप्ता ने विदिशा जिले में कानून व्यवस्था को बनाये रखने, जनसामान्य के हित, जान-माल एवं लोक परिशांति को बनाये रखने हेतु विदिशा जिले की सीमा में पेट्रोल पंप से डिब्बे तथा बोतल एवं अन्य किसी रूप में पेट्रोल तथा अन्य ज्वलनशील पदार्थों के विक्रय का प्रतिबंध लगाए जाने का आदेश जारी किया है।

### एनएच 146 पर हुआ हादसा, खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली से टकराई बाइक

# भाई-बहन समेत तीन घायल, एक का पैर फ्रैक्चर

**रायसेन, निप्र।** रायसेन के भोपाल रोड एनएच 146 पर सोमवार सुबह 9 बजे एक दुर्घटना हुई हो गई। गेहूं से भरी ट्रैक्टर ट्राली के चालक ने अचानक स्टेयरिंग मोड़ दिया जिससे पीछे आ रही बाइक की ट्रैक्टर-ट्राली से टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए।



भोपाल के अभिषेक अहिरवार अपनी बहन कविता और भांजे केशव को बाइक से रायसेन से भोपाल ले जा रहे थे। आगे चल रहे ट्रैक्टर चालक ने अचानक स्टेयरिंग मोड़ दी। इससे उनकी बाइक ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। बाइक ट्रैक्टर के पहिए में फंस गई और काफी दूर तक घसीटती रही।

हादसे में अभिषेक का पैर टूट गया। उनकी बहन कविता और भांजा केशव भी घायल हो गए। सैंडोरा चौकी प्रभारी हरिओम अस्थाया मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां तीनों का इलाज जारी है।

### शतचंडी महायज्ञ की ध्वजयात्रा निकली

# 25 मई से 9 दिन चलेगा आयोजन, जनकल्याण के लिए लोग देंगे आहुतियां

**मंडीदीप, निप्र।** मंडीदीप के सतलापुर में जनकल्याण और पर्यावरण संरक्षण के लिए 25 मई से नौ दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ का आयोजन होगा। इस धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत के लिए सोमवार शाम 5 बजे श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर से ध्वजयात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने ध्वज लेकर नारे लगाते हुए यात्रा में भाग लिया। यात्रा सतलापुर गांव और सतलापुर के प्रमुख चौक-चौराहों से होते हुए शाम 7 बजे मंदिर परिसर पहुंची। मंदिर में ध्वजा स्थापित कर आरती और पूजन किया गया।



आयोजन समिति के अध्यक्ष गौतम लवंशी ने बताया कि श्री शतचंडी महाकाव्य का यह 17वां वर्ष है। यह क्षेत्र का अनोखा आयोजन है। इसमें धर्म, संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण के साथ प्रतिभा प्रोत्साहन और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया जाता है।

महायज्ञ में प्रतिदिन जल कल्याण की भावना के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए औषधीय तत्वों से बनी हवन सामग्री से आहुतियां दी जाएंगी।

### दवाइओं के क्रय-विक्रय के संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**विदिशा।** विदिशा जिले की सीमा में नींद एवं ट्रंक्वेलाईजर, ड्रग श्रेणी की दवाईयों का उपयोग अवैध रूप से नशे के लिए किया जाकर, आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त होने से कानून एवं व्यवस्था तथा स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव की स्थिति को रोकने व आमजन के जान माल को आसन्न खतरा उत्पन्न होने की स्थिति की रोकथाम एवं लोक शांति को बनाये रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अंशुल गुप्ता ने विदिशा जिले की सीमा में दवाइओं के क्रय-विक्रय के संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में उल्लेख है कि विदिशा जिले की सीमा में समस्त नाईट्राजेपाम टेबलेट्स ( समस्त नाईट्रावेट टेबलेट्स ), समस्त क्लोनेजेपाम टेबलेट्स, समस्त डायजेपाम टेबलेट्स, समस्त ऑक्साजीपाम टेबलेट्स, समस्त इटिजोलाम टेबलेट्स, समस्त एल्प्राजोलम टेबलेट्स, समस्त कोडीन फास्फेट सिरप, टेबलेट्स, क्लोजापाम टेबलेट्स ( फीजीयम टेबलेट आदि ) का विक्रय केवल रजिस्टर्ड मेडिकल प्रेक्टिशनर के लिखित पिस्क्रिप्शन पर ही किया जाएगा।

### कलेक्टर विश्वकर्मा ने सिविल डिफेंस प्लान के संबंध में अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

# वॉलिंटियर्स को दिया जाए प्रशिक्षण, निकायों में सायरन लगाने के भी निर्देश

**रायसेन, निप्र।** शासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था तथा आवश्यक नागरिक सेवाओं के संबंध में दिए गए निर्देशों के अनुरूप कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में जिले में सिविल डिफेंस प्लान के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक पंकज पाण्डे, अपर कलेक्टर श्रीमती श्वेता पवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार, डिस्ट्रिक्ट होमगार्ड कमांडेन्ट उमेश तिवारी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर विश्वकर्मा ने कहा कि निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुरूप नागरिकों को सुरक्षा के लिए सजग किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वॉलिंटियर्स एवं नागरिकों को प्रशिक्षित किया जाए। जिससे कि आवश्यकता पड़ने पर तथा जरूरी सेवाओं को बनाए रखने में वॉलिंटियर्स का सहयोग लिया जा सके। वॉलिंटियर्स को दिए जा रहे प्रशिक्षण की वीडियोग्राफी भी कराई जाए। उन्होंने शासन के निर्देशों के अनुरूप निकायों और महत्वपूर्ण स्थलों पर सायरन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। रायसेन नगर में भी स्थल निर्धारित करते हुए सायरन लगाने के निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर विश्वकर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों से जुड़ी आवश्यक सेवाओं खाद्य आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं, बिजली की सप्लाई सहित अन्य जरूरी सेवाएं नियमित रूप से बनी रहे। त्वरित और व्यवस्थित कार्य हेतु जरूरी है कि विभागों में आपसी सामंजस्य और तालमेल बेहतर हो। अधिकारी आपस में समन्वय से काम करें और सतत् सम्पर्क में रहे। पुलिस अधीक्षक पंकज पाण्डे ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसी प्रकार मोबाईल सिम विक्रेताओं की भी जांच करने के निर्देश दिए गए। यदि किसी विक्रेता द्वारा बिना दस्तावेज या अनुचित तरीके से सिम का विक्रय किया जाता है तो उसके विरूद्ध कार्रवाई की जाए। वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से सभी अनुभागों से एसडीएम, एसडीओपी, जनपद सीईओ, सीएमओ सहित अन्य अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।




### प्रॉपर्टी विवाद में धारदार हथियार से हमला, साहू परिवार पर हमले का आरोप

# दांगी परिवार के बेटे की मौत, पिता-भाई घायल

**विदिशा, निप्र।** विदिशा में रविवार रात दो पक्षों के बीच पुराने मकान विवाद को लेकर मारपीट हो गई। घटना में 36 वर्षीय चंद्रप्रकाश दांगी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके पिता कमल सिंह दांगी और भाई कलेक्टर सिंह दांगी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। घटना करारिया थाना क्षेत्र के सुल्तानिया गांव की है। पुलिस ने फिलहाल मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है और सावधानी के तौर पर पुलिस बल तैनात किया गया है।



**पुराने मकान को लेकर था विवाद:** जानकारी के अनुसार, दांगी परिवार और साहू परिवार के बीच चौराहे पर बने एक मकान को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि दांगी परिवार ने मकान किराए पर दे दिया था। रविवार शाम को किरायेदार मकान का ताला खोल रहे थे, तभी साहू परिवार के पूरन साहू, श्रीराम साहू और अमर सिंह मौके पर पहुंचे और विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि उन्होंने गाली-गलौच करते हुए ताला तोड़कर वहां दूसरा ताला लगा दिया।

**दांगी परिवार ने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया:** दांगी परिवार ने करारिया चौराहा थाने में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। रात को दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। घायलों का आरोप है कि अमर सिंह साहू, तोरण सिंह साहू और श्रीराम साहू ने धारदार हथियारों से हमला किया। चंद्रप्रकाश के सिर पर कई वार किए गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

#### धारदार हथियारों से किया हमला

मृतक के परिजन मनोज दांगी ने बताया कि सुल्तानिया के रहने वाले पूरन साहू ने कुछ साल पहले एक लोहापीटा को प्लॉट बेचा था। जिस पर लोहापीटा ने मकान बना लिया। वह मकान खाली करके दूसरी जगह चला गया और मकान को कमल सिंह दांगी को बेच दिया। इस पर पूरन साहू की नियत खराब हो गई और मकान पर कब्जा करने का प्रयास करते हुए मकान पर ताला डाल दिया। रविवार शाम को कमल सिंह चंद्रप्रकाश और कलेक्टर उस घर को देखने पहुंचे थे। इस दौरान पूरन साहू उनके बेटे श्रीराम और एक अन्य बेटे ने धारदार हथियारों से इन पर हमला कर दिया।

मृतक के पिता कमल सिंह दांगी ने कहा: हमने पहले ही पुलिस को शिकायत दी थी। यदि उन्होंने कार्रवाई की होती तो आज मेरा बेटा जीवित होता। घटना की सूचना मिलते ही सीएसपी अतुल सिंह जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि, मकान विवाद को लेकर रात में दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ, जिसमें चंद्रप्रकाश दांगी की मौत हो गई है। अन्य दो लोग घायल हैं, जिनका इलाज चल रहा है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह ने बताया कि संपत्ति को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया था जिसमें से एक युवक की मौत हो गई है । मृतक का जिला अस्पताल में पीएम कराया जा रहा है। वहीं आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है

### शादी में शामिल होकर लौट रहे थे विदिशा

# अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, 2 की मौत

**विदिशा, निप्र।** विदिशा में रविवार देर रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर मौत हो गई। घटना मिर्जापुर गांव स्थित निर्माणाधीन पुलिया के पास की है। मृतकों की पहचान सूखी सेवानिया निवासी मोहन शर्मा और तूफान सिंह सिसोदिया के रूप में हुई है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



**शादी समारोह से लौट रहे थे मृतक:** मृतक तूफान सिंह के बड़े भाई प्रभुराम सिसोदिया ने बताया कि रविवार को तूफान सिंह अपने दोस्त के साथ एक शादी में शामिल होने के लिए ग्यारसपुर गया था, देर रात वह लोग लौट रहे थे तो मिर्जापुर के पास एक गाड़ी ने उन्हें टक्कर मार दी थी , हमारे पास रात को ढाई बजे फोन आया था,तब हमे पता चला कि एक्सीडेंट हो गया है । भाई ने बताया कि तूफान सिंह के दो बच्चे हैं, जबकि मोहन शर्मा अविवाहित थे।

सीएसपी अतुल सिंह के अनुसार, देर रात मिर्जापुर के पास दो लोगों के सड़क किनारे पड़े होने की सूचना मिली। पुलिस ने दोनों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दोनों युवकों का पोस्टमार्टम किया जा रहा है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी डी.पी.गोयल द्वारा आर.टी.ओ. ऑफिस के पास, सागर रोड, रायसेन से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21-एच, इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा भोपाल- 462023 ( म.प्र. ) भोपाल से मुद्रित। संपादक- डी.पी.गोयल । मो.9981502276, 27054436, 9826735596. भोपाल कार्यालय : 4240007. स्थानीय व्यवस्थापक श्याम अग्रवाल मो. नं. 9826735596 ( सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा । )।